# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित




## जमीं पर जगमगाए सितारे, अपलक निहारता रहा आसमां

**रायपुर।** गणेश विसर्जन के बाद गुरुवार की रात झांकियों को देखने रायपुर की सड़कों पर हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस बार 90 से अधिक विसर्जन झांकिया निकाली गईं। शहर की झांकियों में डीजे की कानफोड़ू आवाज सुनाई नहीं दी। इसके बाद भी पूरे उत्साह से समितियों ने झांकियां निकालीं, जिसमें परंपरा, संस्कृति के साथ अनुशासन की झलक लोगों को देखने को मिली। कुछ समितियों ने सीमित संख्या के बॉक्स के साथ साउंड सिस्टम इस्तेमाल किया। वहीं ज्यादातर झांकियों में पारंपरिक वाद्य यंत्र दफड़ा, गाड़ा बाजा के साथ बैंड का इस्तेमाल हुआ। इन वाद्य यंत्रों की सुरीली धुनों के बीच शहर में झांकी का पर्व मना, जिसमें समिति सदस्यों के साथ शहर के युवा झूमते-नाचते रहे। सुबह तक झांकियों का कारवां खारुन की ओर चलता रहा।

ड्रोन फोटोः भूपेश जांगड़े


ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK
मेगा लोन मेला 2024
इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक, रायपुर शाखा, रायपुर पंडरी तराई मेन रोड, मंडी गेट के पास, पंडरी, रायपुर-492001
20 और 21 सितंबर 2024
75938 59747


## खबर संक्षेप

### सुप्रीम कोर्ट के 37 हजार फैसलों का हिंदी में अनुवाद



**नई दिल्ली।** सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आजादी के बाद से उच्चतम न्यायालय के लगभग 37 हजार फैसलों का हिंदी में अनुवाद किया गया है। अब उनका अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने की प्रक्रिया जारी है। प्रधान न्यायाधीश ने यह बात एक मामले की सुनवाई के दौरान कही। उनके साथ पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी थे।

### एमएस की तैयारी कर रहे मेडिकल छात्र ने की खुदकुशी



**कुंदापुर।** कर्नाटक के कुंदापुर में बुधवार रात एक मेडिकल छात्र ने कथित तौर पर तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली। युवक शल्य चिकित्सा में स्नातकोत्तर (एमएस) की परीक्षा की तैयारी कर रहा था। मृतक की पहचान गौरीश गनिगा (28) के रूप में हुई है, जो हंगलूर पंचायत के रहने वाले थे।

### संगीतकार विपिन रेशमिया का निधन



**मुंबई।** मशहूर संगीतकार हिमेश रेशमिया के पिता और संगीतकार निर्देशक विपिन रेशमिया का निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। विपिन रेशमिया को सांस लेने में तकलीफ और उम्र से संबंधित समस्याओं के कारण बुधवार रात कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। विपिन रेशमिया का बुधवार को निधन हो गया।

### अश्विन के शतक से भारत 300 पार



**चेन्नई।** भारत ने चेन्नई टेस्ट में बांग्लादेश के खिलाफ पहले दिन गुरुवार को दमदार कमबैक किया। टीम इंडिया ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट के नुकसान के साथ 339 रन बनाए। भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन ने दमदार प्रदर्शन किया। अश्विन शतक लगाकर 102 रन पर नाबाद रहे। अश्विन का यह 101वें टेस्ट मैच में छठा शतक है।

---

केंद्र को सौंपी रिपोर्ट में खुलासा- नवप्रवेशी छात्रों के आंकड़े भी चौंकाने वाले

# 32 स्कूलों में छात्र संख्या शून्य, 13 हजार से ज्यादा शालाओं में छात्र-शिक्षक का 'संतुलन' बिगड़ा

*प्रदेश में थोक में ऐसे विद्यालय हैं, जहां छात्र शिक्षकों के लिए तरस रहे हैं। इसके उलट ऐसे विद्यालय भी हैं, जहां छात्र ही नहीं हैं, लेकिन थोक में शिक्षक हैं। बगैर छात्रों को पढ़ाए शिक्षक मोटा वेतन भी ले रहे हैं, परंतु किसी को भी यहां व्यवस्था सुधारने में कोई दिलचस्पी नहीं है। केंद्र को समग्र शिक्षा के राज्य कार्यालय द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड अर्थात पीएबी को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रदेश में 32 स्कूलों में एक भी छात्र नहीं हैं। इस संदर्भ में जब प्रबंध सूचनातंत्र प्रभारी से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि ऐसे स्कूलों की संख्या 32 नहीं बल्कि 108 है।*

रुचि वर्मा ▶▶ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

रिपोर्ट में एकल शिक्षकीय विद्यालयों तथा 50 से कम दर्ज संख्या वाले विद्यालयों का भी उल्लेख है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदेश में 48 हजार 743 शासकीय विद्यालय हैं। पिछले सत्र यानी 2023-24 में इनमें से 21 हजार 481 स्कूलों में नवप्रवेशी छात्रों की संख्या 50 से भी कम रही। यह भी पता चला है कि छत्तीसगढ़ में 5 हजार 392 ऐसे स्कूल हैं, जहां मात्र एक शिक्षक ही कार्यरत है अर्थात ये स्कूल सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि प्रदेश के 29.09 प्रतिशत यानी 12 हजार से ज्यादा स्कूलों में छात्र-शिक्षक अनुपात संतुलित नहीं हैं। अर्थात यहां शिक्षक या तो कम हैं अथवा अधिक हैं।

### प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड इन आंकड़ों के आधार पर जारी करता है राशि, बनाई जाती है योजना

#### सभी राज्यों से मांगी जाती है रिपोर्ट

दरअसल, प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड प्रत्येक वर्ष सभी राज्यों के समग्र शिक्षा कार्यालय से रिपोर्ट मंगाता है। इसमें स्कूल संख्या, छात्रों की दर्ज संख्या, शिक्षक संख्या सहित सभी तरह की जानकारी शामिल रहती है। इसी रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है। सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ही इन स्कूलों की जानकारी मांग ली जाती है। राज्य समग्र शिक्षा द्वारा सत्र 2024-25 के लिए इस वर्ष की शुरुआती तिमाही में रिपोर्ट भेज दी गई थी। इसके बाद जुलाई माह से नवीन सत्र प्रारंभ हुआ। इस सत्र में ऐसे स्कूलों की संख्या 108 बताई जा रही है।




#### एक बानगी... छात्र नहीं, बगैर कार्य तीन शिक्षक ले रहे वेतन, बंद करने ग्रामीण दे चुके अर्जी

*मजे की बात यह है कि ऐसे स्कूलों की जानकारी होने और तमाम तरह के आंकड़े होने के बाद भी शासन-प्रशासन को इसकी सुध नहीं है। यहां छात्र एक भी नहीं हैं, लेकिन शिक्षक थोक में हैं और बगैर किसी कार्य के नियमित वेतन हासिल कर रहे हैं। इन स्कूलों को बंद करने ग्रामीण खुद ही आवेदन दे चुके हैं, लेकिन किसी के कानों में जूं तक नहीं रेंगती। ऐसा ही एक मामला जशपुर जिले में सामने आया था। जशपुर जिले के ग्राम पंचायत दिवानपुर के शासकीय प्राथमिक शाला हलबोहा में एक भी छात्र नहीं है, लेकिन शिक्षक तीन हैं। यहां पहली से पांचवीं कक्षा तक की पढ़ाई होती है, लेकिन एक भी छात्र ने प्रवेश नहीं लिया। हेडमास्टर समेत तीन शिक्षक पदस्थ हैं।*

#### इनका है कहना

**32 नहीं 108 स्कूल**

*आप किस रिपोर्ट की बात कर रहे हैं, मुझे नहीं पता। मेरी जानकारी में ऐसे 108 स्कूल हैं, जहां छात्रों की दर्ज संख्या शून्य है। इनकी जानकारी नहीं दे सकते हैं, क्योंकि ऊपरी स्तर पर मनाही है।*

*- शैलेंद्र वर्मा, एमआईएस प्रभारी, समग्र शिक्षा*

**सार्वजनिक नहीं कर सकते नाम**

*हां, ऐसे स्कूल हैं जहां दर्ज संख्या शून्य है। हम स्कूलों के नाम सार्वजनिक नहीं कर सकते हैं। ये आंकड़े केवल पीएबी की मीटिंग के लिए निकाले गए थे।*

*- संजीव झा, प्रबंध संचालक, समग्र शिक्षा*

#### वेतन और सुविधाओं पर करोड़ों खर्च

प्रति स्कूल में शिक्षकों के वेतन, कार्यालय सहायक और स्वीपर के वेतन में लाखों रुपए खर्च होते हैं। अधिकारियों के अनुसार, प्रदेश में छात्रविहीन स्कूलों की संख्या 108 है। ऐसे में करोड़ों रुपए सरकार उन स्कूलों पर खर्च कर रही है, जिसमें एक भी विद्यार्थी नहीं है। कई जिलों में ग्रामीण स्वस्फूर्त इन स्कूलों को मर्ज करने की मांग कर चुके हैं। उनके द्वारा आवेदन भी दिए गए हैं, लेकिन कोई कार्रवाई ही नहीं हो रही है। शासकीय प्राथमिक शाला हलबोहा को युक्तियुक्तकरण नियम के तहत एक किमी में पदस्थ टूकुपखना विद्यालय में मर्ज करने की तैयारी थी, लेकिन फिलहाल यह भी ठंडे बस्ते में है।

---

फसल खाने से था नाराज

## नपा अध्यक्ष के पति ने गाय पर चलाई गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

नगर पालिका अध्यक्ष के पति ने मवेशी पर एयरगन से गोली चलाकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल गाय का उपचार कराया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी आवारा मवेशी द्वारा फसल खाने से परेशान था। वहीं पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन बदमाश है और पूर्व में भी गौ हत्या के मामले में जेल जा चुका है। बताया जा रहा है कि नगर के वार्ड क्रमांक 10 निवासी उमेश आ. बृहस्पत पाठक के मवेशी 18 सितंबर को खुले में चर रहे थे और फसल खा रहे थे। मवेशियों द्वारा फसल खाने से नाराज होकर मिशन रोड निवासी नगर पालिका अध्यक्ष के पति परम मिंज आ. मोहन राम मिंज ने अपने पास रखी एयरगन से गाय पर चार से पांच फायर कर दिए। एयरगन की गोली से गाय घायल हो गई।



फसल चरने को लेकर आक्रोशित था आरोपी लोगों में आक्रोश

### आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

मवेशी मालिक उमेश पाठक द्वारा पुलिस से शिकायत की गई थी। पुलिस ने मामले में परम मिंज आ. मोहन राम को बीएनएस की धारा 325 व अन्य धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी वर्तमान में संविदा में चालक के पद पर कार्य कर रहा है और इसके पूर्व भी वह वर्ष 2007 में मवेशी की हत्या के मामले में जेल जा चुका है।

### आरोपी को किया गया गिरफ्तार

*मवेशी पर एयरगन से गोली चलाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एयरगन जब्त किया है। मामले की जांच की जा रही है।*

*-प्रमोद रूसिया, थाना प्रभारी, बलरामपुर*

---

हरियाणा के वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई से हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का चुनावी संवाद

# मुझे आगे बहुत कुछ मिलने वाला हैः कुलदीप बिश्नोई

*नई दिल्ली। हरियाणा की बात भजन लाल के बिना पूरी नहीं होती। जब भजन लाल की बात आती है तो नाम आता है कुलदीप बिश्नोई का। इस बार कुलदीप बिश्नोई मैदान में नहीं है, चलिए आज उनसे इस बारे में बातचीत करते हैं।*

हरिभूमि खास



▶ *लंबे अंतराल के बाद कुलदीप बिश्नोई ऐसे चुनाव मैदान में दिख रहे हैं जहां वे खुद मैदान में नहीं हैं। यह बदलाव आपको कितना परेशान कर रहा है ?*

▶ मैं बिल्कुल परेशान नहीं हूं और पूरी तरह से मैदान में हूं। मैं चुनाव लड़वा रहा हूं। लड़ने वाले से लड़वाने वाला बड़ा होता है। कृष्ण भगवान सारथी बने लेकिन उन्होंने महाभारत लड़ी नहीं, महाभारत जितवाई। मेरा प्रयास रहेगा कि मैं भारतीय जनता पार्टी को पूरे हरियाणा में घूमकर फायदा दे सकूं।

▶ *आपने कहा कि लड़ने से लड़वाना ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। भाजपा में रिटायरमेंट की उम्र 75 साल मानी जाती है। कुलदीप बिश्नोई तो अभी 60 बसंत भी पार नहीं कर पाए, क्या अभी से चुनाव लड़ने से तौबा कर ली है? ऐसा क्या हो गया है आपके साथ?*

▶ जी मैंने कोई तौबा नहीं की है। मैंने कहा है कि मैं यह विधानसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा। आगे लोकसभा या राज्यसभा का चुनाव भी आएगा। चुनावी रणनीति से मैं कभी दूर नहीं हुआ और ना ही कभी होउंगा। इस विधानसभा चुनाव में पार्टी ने मुझे कहा था कि आप तीन विधानसभाओं में से एक पर चुनाव लड़ें। मैंने विनम्र रूप से प्रार्थना की थी कि हरियाणा में मैंने 27 विधानसभाएं मार्क की हैं जहां मैं खुद जाना चाहता हूं। इससे पार्टी को ज्यादा लाभ मिलेगा। इस समय मेरा बेटा चुनाव लड़ रहा है तो मैं भी चुनाव ही लड़ रहा हूं, एक ही बात है।

▶ *आपने कहा की आपको तीन तीन विधानसभाएं प्रस्तावित की गई थीं। कुलदीप बिश्नोई के बारे में तो कहा जाता है कि भजन लाल के बेटे हैं। नामांकन भर देंगे तो चुनाव निकल जाएगा। फिर ऐसा क्या डर रहा कि आपको लगा कि यदि फॉर्म भर दिया तो जीत नहीं पाऊंगा। क्या हालात इतने प्रतिकूल हो गए हैं ?*

▶ देखिए ऐसा बिल्कुल भी नहीं है लेकिन मैं चुनाव में फ्री माइंड से जाना चाहता हूं। मैंने अपने पिताजी से सीखा है कि चुनाव, चुनाव ही होता है। एक बार मैंने पिताजी से कहा कि आदमपुर से तो आपको कोई भी हरा सकता है तो उन्होंने कहा बेटा चुनाव, चुनाव होता है। मैं सिर्फ एक कैंडिडेट हूं। चुनाव को सीरियसली लेना चाहिए। इस बार यदि मैं चुनाव लड़ता तो हर गांव में जाकर वोट मांगने का मेरा धर्म बनता। ऐसा करने में कम से कम 6 दिन निकल जाते। इन 6 दिनों में मैं कम से कम 11 या 12 कांस्टीट्यूएंसी आराम से कवर कर लेता।

▶ *जब कुलदीप बिश्नोई का जिक्र आता है तो उनके साथ कांग्रेस का जिक्र भी आता है। कांग्रेस आई हो या कांग्रेस जनहित पर उनके साथ हमेशा कांग्रेस रहती थी। पहली बार ऐसा विधानसभा चुनाव है जिसमें कांग्रेस के खिलाफ कुलदीप बिश्नोई हैं। अपनी ही पार्टी में जिसमें*

▶▶ शेष पेज 4 पर

---

## आज आएंगे सौदान सिंह, दो दिन का प्रवास



**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वरिष्ठ नेता सौदान सिंह शुक्रवार को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। वे नई दिल्ली से शाम 4 बजे रवाना होकर शाम 6.30 बजे माना विमानतल रायपुर पहुंचेंगे। इस प्रवास के दौरान श्री सिंह कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। रायपुर में तरल मोदी के निवास पर एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहां से लौटकर वे कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर से भिलाई रवाना होंगे। वहां वे भाजपा नेत्री सरोज पांडेय के निवास पर जाकर उनके स्वर्गीय पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वहां से वापस कुशाभाऊ ठाकरे परिसर आकर दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

---

अधिकारियों के खिलाफ शिकायत पर सीएम बोले- कलेक्टर काम कर रहे, पर आवश्यकताएं अनंत....

## जनदर्शन में इलाज के लिए मिला पैसा, दिव्यांगों को संसाधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सीएम हाउस में गुरुवार को जनदर्शन में मेला लगा रहा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जरूरतमंदों की आवश्यकताओं को समझा और समस्याओं का निराकरण किया। इलाज के लिए राशि की मंजूरी, दिव्यांगों को सहायता और कुछ शिकायतों की जांच के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में अधिकारियों के खिलाफ आ रही शिकायतों पर श्री साय ने कहा कि कलेक्टर काम कर रहे हैं, लेकिन लोगों की आवश्यकता अनंत है। किसी की

▶▶ शेष पेज 4 पर



**दिव्यांगों को मिले मोटराइज्ड ट्राइसिकल एवं अन्य उपकरण**

मुख्यमंत्री ने जनदर्शन में इलाज के लिए मदद को लेकर आई रायपुर आमापारा की उषा ठाकुर, जो ओरल कैंसर से पीड़ित हैं, उन्हें इलाज के लिए एक लाख रुपए का चेक प्रदान किया। गुढ़ियारी निवासी रोशन साहू के 8 वर्षीय बीमार पुत्र के इलाज के लिए 25 हजार रुपए तथा दिव्यांग कलाकार विवेक भोंसले को वाद्ययंत्र खरीदने के लिए 15 हजार रुपए का चेक प्रदान किया।

---

अब प्रसाद पर भी 'प्रश्न'.... नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड ने की पुष्टि

एक दिन पहले सीएम चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया था कि जगन राज में तिरुपति मंदिर के प्रसाद में घी की जगह जानवरों की चर्बी मिलाई गई

# तिरुपति मंदिर के प्रसाद के लड्डू बनाने में मछली का तेल, बीफ और चर्बी का इस्तेमाल किया गया

कांग्रेस ने भी सीबीआई से जांच कराने की मांग की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/हैदराबाद

शॉकिंग न्यूज

लोगों के आस्था के केंद्र तिरुपति के प्रसिद्ध मंदिर में मिलने वाले लड्डू में मिलावट की बात सामने आई है। नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड ने लड्डू में चर्बी और बीफ मिले होने की पुष्टि की है। बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार तिरुपति मंदिर का लड्डू बनाने में मछली का तेल, बीफ और चर्बी का इस्तेमाल किया गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रसाद के तौर इन लड्डुओं का वितरण न केवल श्रद्धालुओं के बीच किया गया, बल्कि भगवान को भी प्रसाद के तौर पर यही लड्डू चढ़ाया जाता था। जानकारी के अनुसार

▶▶ शेष पेज 4 पर



### नायडू बोले-अब शुद्ध घी का इस्तेमाल, हर चीज सैनिटाइज

अमरावती में एनडीए विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने यह भी कहा था कि लड्डू तैयार करने के लिए अब शुद्ध घी का इस्तेमाल किया जा रहा है और मंदिर में हर चीज को सैनिटाइज किया गया है। इससे गुणवत्ता में सुधार हुआ है। आंध्र प्रदेश के आईटी मंत्री नारा लोकेश ने एक्स पर चंद्रबाबू नायडू की टिप्पणी को शेयर करते हुए इस मुद्दे पर जगन मोहन रेड्डी पर निशाना साधा और कहा कि

▶▶ शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस ने कहा- उच्च स्तरीय कमेटी बनाएं और सीबीआई से जांच कराएं

आंध्र प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने एक्स पर लिखा कि चंद्रबाबू नायडू को एक हाई-लेवल कमेटी बनानी चाहिए और सीबीआई को सच्चाई का पता लगाने देना चाहिए। उधर, वाईएसआरसीपी के राज्यसभा सांसद वाईवी सुब्बा रेड्डी ने कहा कि नायडू राजनीतिक लाभ के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं। ऐसा करके सीएम ने करोड़ों हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाई है।

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को राजनीति का 'असफल उत्पाद' (फेल्ड प्रोडक्ट) करार दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें महिमामंडित करना कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मजबूरी है। नड्डा ने यह आरोप भी लगाया कि राहुल गांधी का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रति अपशब्दों का इतिहास रहा है। वह भारत विरोधी ताकतों का पक्ष लेते हैं।

### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पीएम मोदी को लिखा था पत्र, नड्डा ने दिया जवाब

# नड्डा बोले- राहुल गांधी राजनीति के 'असफल उत्पाद', उनका महिमामंडन खड़गे की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

भाजपा अध्यक्ष ने पिछले दिनों खड़गे की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे उस पत्र के जवाब में ये बातें कहीं, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष ने मांग की थी कि प्रधानमंत्री राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक और विवादित बयान देने वाले नेताओं पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा था कि दुनिया हैरान है कि एक केंद्रीय मंत्री और उत्तर प्रदेश के एक मंत्री राहुल गांधी को 'नंबर एक आतंकवादी' कह रहे हैं, जबकि शिवसेना के एक विधायक ने विपक्ष के नेता की जीभ काटकर लाने वाले व्यक्ति को 11 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।



केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को 'देश का सबसे बड़ा दुश्मन और आतंकवादी' करार दिया था। इसके अलावा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कुछ नेताओं ने भी राहुल गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। इनमें से एक ने तो राहुल गांधी की जीभ काट लेने वाले के लिए ईनाम तक की घोषणा की थी जबकि एक अन्य ने राहुल गांधी की जुबान दाग देने की बात कही थी। नड्डा ने तीन पन्नों के अपने जवाबी पत्र में कहा, मैं समझता हूं कि अपने नित्य निरंतर 'फेल्ड प्रोडक्ट' का बचाव करना और उसे महिमामंडित करना आपकी मजबूरी है। प्रधानमंत्री के खिलाफ शब्दों के चयन के लिए विपक्ष के नेता और अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ अपनी पार्टी की शिकायतों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि कम से काम कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते खरगे को मंथन भी करना चाहिए कि उनकी पार्टी के शीर्ष नेताओं ने प्रधानमंत्री के खिलाफ किस प्रकार के दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक बयान पूर्व में दिए हैं।

### पीएम मोदी के सबसे ज्यादा अपमान का आरोप

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने आरोप लगाया कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में किसी भी नेता का इतना अपमान नहीं हुआ जितना प्रधानमंत्री मोदी का हुआ है। भाजपा अध्यक्ष ने अपने कांग्रेसी समकक्ष से पूछा कि क्या कांग्रेस को राहुल पर गर्व है क्योंकि वह भारत विरोधी और पाकिस्तान समर्थक ताकतों का समर्थन करते हैं और भारतीय लोकतंत्र में विदेशी हस्तक्षेप चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी ने बार-बार हिंदू सनातन संस्कृति का अपमान किया है, सशस्त्र बलों की बहादुरी का सबूत मांगा है और सिखों के लिए विवादित बयानों का इस्तेमाल किया है।

### प्रधानमंत्री की चुप्पी परेशान करने वाली : जयराम रमेश



हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली। इधर, कांग्रेस के संचार विभाग के अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने भाजपा अध्यक्ष को पत्र लिख कर कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इस बात से न सिर्फ आश्चर्यचकित है बल्कि चिंतित भी है कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री को लिखित पत्र आपके पास प्रतिक्रिया के लिए भेजा गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की जान को खतरे जैसे गंभीर मामले पर प्रधानमंत्री की चुप्पी बहुत परेशान करने वाली है। रमेश ने अपने पत्र में कहा- कांग्रेस अध्यक्ष के पत्र पर आपकी प्रतिक्रिया बकवासों और सतही है—यह राहुल गांधी के जीवन पर मंडरा रहे गंभीर खतरों से ध्यान भटकाने की शर्मनाक कोशिश है। यह खेद की बात नहीं है कि भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी के बारे में ऐसे घृणित बयान दिए हैं, जब खुद प्रधानमंत्री अपने चुनावी अभियानों में विभाजनकारी बयानबाजी, धार्मिक ध्रुवीकरण, और सस्ती बयानबाजी का उदाहरण पेश करते हैं।

## खबर संक्षेप

### बिट्टू का राहुल वाले बयान पर माफी से इंकार



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर दिए गए बयान पर केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। राहुल गांधी ने अमेरिका दौरे पर सिखों को लेकर बयान दिया था, जिस पर रवनीत बिट्टू ने उन्हें आतंकी बता दिया था। इसे लेकर खूब हंगामा हुआ और कर्नाटक में रवनीत बिट्टू के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। वहीं बिट्टू ने अपने बयान पर माफी मांगने से भी इनकार कर दिया है।

### 'एक देश एक चुनाव' बड़ी साजिशः अखिलेश यादव



लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अखिलेश ने वन नेशन और वन इलेक्शन को लेकर सवाल खड़े। अखिलेश ने कहा, लगे हाथ महाराष्ट्र, झारखंड व यूपी के उपचुनाव भी घोषित करवा देते। अगर 'वन नेशन, वन नेशन' सिद्धांत के रूप में है तो कृपया स्पष्ट किया जाए कि प्रधान से लेकर पीएम तक के सभी ग्राम, टाउन, नगर निकायों के चुनाव भी साथ ही होंगे या फिर त्योहारों और मौसम के बहाने सरकार की हार-जीत बनाने के लिए अपनी सुविधानुसार?

### 'कांग्रेस आरक्षण व दलित विरोधी': आकाश आनंद



चंडीगढ़। हरियाणा में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मायावती के भतीजे आकाश आनंद बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। आनंद ने कांग्रेस को आरक्षण विरोधी बताया तो वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चापलूस और राहुल गांधी को दलितों के प्रति गद्दार करार दिया।

### कटरा की चुनावी सभा में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# 'कश्मीर में नहीं लागू होने देंगे पाक का एजेंडा'

एजेंसी ▸▸ कटरा

जम्मू कश्मीर में पहले चरण की वोटिंग हो चुकी है और अभी दूसरे और तीसरे फेज के लिए लोगों को मतदान करना है। इसको लेकर चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर के कटरा में एक बड़ी रैली की और यहां से नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और पीडीपी पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की चर्चा हो रही है। पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ने इन दोनों पार्टियों का खुलकर समर्थन किया है। उनका कहना है कि आर्टिकल 370 और 35ए को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का जो एजेंडा है, वहीं एजेंडा पाकिस्तान का है। ये वहां के मंत्री बोल रहे हैं, यानी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान का एजेंडा लागू करना चाहते हैं। पीएम मोदी बोले कि किसी भी कीमत पर भारत में पाकिस्तान का एजेंडा नहीं लागू होने देंगे।



कटरा में रोड शो के दौरान पीएम मोदी

### भाजपा ही फिर दिलाएगी पूर्ण राज्य का दर्जा

पीएम मोदी ने कहा कि हमने देश की संसद में कहा है कि जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य का दर्जा दिलाएंगे। बीजेपी ही इसे पूरा करेगी। इसलिए मेरी आपसे अपील है कि 25 सितंबर को वोटिंग के सारे रिकॉर्ड टूटने चाहिए। बता दें कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर और लद्दाख दोनों को विभाजित कर दोनों को ही केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया था। केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही जम्मू कश्मीर को वापस पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाएगा।

### कोई ताकत वापसी नहीं करा सकती 370

प्रधानमंत्री ने अनुच्छेद-370 की वापसी कराने वाले एनसी के वादे को लेकर कहा कि दुनिया की कोई ताकत भी जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी नहीं करा सकती। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव एनसी-कांग्रेस, PDP तीनों की ही राजनीतिक विरासत को खत्म करने के लिए अहम होगा। पीएम मोदी ने कटरा में चुनावी रैली के दौरान कहा कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस को लेकर पाकिस्तान में बहुत उत्साह है। वहां इन दोनों पार्टियों की बल्ले-बल्ले हो रही है। इनके घोषणापत्र से पड़ोसी देश बहुत खुश है। उन्होंने कहा कि ये सब मिलकर जम्मू-कश्मीर में आतंक फैलाना चाहते हैं, पीएम मोदी ने कहा कि कोई ताकत 370 वापस नहीं ला सकती है।

### पाकिस्तान और कांग्रेस का एजेंडा एक जैसा : गृहमंत्री शाह



नई दिल्ली। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के एक बयान से नया विवाद खड़ा हो गया है। ख्वाजा ने कहा कि वह भी जम्मू-कश्मीर में धारा 370 की बहाली चाहते हैं, जैसा कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस चाहते हैं। इस बयान ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। गृह मंत्री अमित शाह ने इस बयान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। शाह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान और कांग्रेस का एजेंडा एक जैसा है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान से फिर से साबित हो गया है कि कांग्रेस और पाकिस्तान का एजेंडा एक जैसा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हर उस ताकत के साथ खड़े होते हैं जो भारत विरोधी है और देश की भावनाओं को ठेस पहुंचाती है। गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान ने कहा कि राहुल गांधी हर भारत-विरोधी ताकत के साथ खड़े हैं।

### उमर की पाक रक्षामंत्री को दो टूक 'पहले अपना मुल्क संभालो'



जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आर्टिकल 370 पर पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान पर कड़ा एतराज जताया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान पहले अपना मुल्क संभाले। उन्हें हमारे चुनाव को लेकर बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। हमें पाकिस्तान से क्या लेनादेना है। हम पाकिस्तान में नहीं हैं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम ने साफ कहा कि जम्मू-कश्मीर का मसला भारत का आंतरिक मामला है और पाकिस्तान को इसमें दखल देने का कोई अधिकार नहीं है। बता दें, कश्मीर में विधानसभा चुनाव के दौरान पाकिस्तान द्वारा कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस का समर्थन करने के बाद राजनीति गरमा गई है।

### हरियाणा के संकल्प पत्र में भाजपा ने किए बड़े वादे

# 'हर अग्निवीर को नौकरी छात्राओं को स्कूटी 25 लाख तक लोन'



एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। पार्टी ने इसे संकल्प पत्र नाम दिया है। संकल्प पत्र में बीजेपी ने हरियाणा की जनता से 20 वादे किए हैं। जिसमें हर अग्निवीर को परमानेंट जॉब, महिलाओं को 2100 रुपये महीने समेत कई वादे शामिल हैं। रोहतक में घोषणा पत्र जारी करते समय बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। इस दौरान राज्य के सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह घोषणापत्र चुनावी नहीं है। संकल्प पत्र जारी करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को छलावा बताया। नड्डा ने कहा कि हम तो हरियाणा की सेवा नॉन स्टॉप कर रहे हैं और इसे नॉन स्टॉप करने में आपको बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभानी है। हमने जो कहा था वो किया है, जो नहीं कहा था वो भी किया है और जो कहेंगे वो भी करेंगे।

### 'लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत 2100 रुपए

नड्डा ने कहा कि हम लोगों ने तय किया है कि सभी महिलाओं को 'लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत प्रतिमाह 2,100 वित्तिय सहायता प्रदान की जाएगी। आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर 10 औद्योगिक शहरों का निर्माण किया जाएगा और आस-पास के गांवों के 50 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। इसी प्रकार से चिरायु आयुष्मान के तहत 5 लाख प्रति वर्ष मिलने वाली राशि को 10 लाख किया जाएगा।

## आतिशी की पारी 21 से

# अहलावत नया चेहरा, चार मंत्रियों को फिर मिलेगा पद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली की नामित मुख्यमंत्री आतिशी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में आप के विधायक मुकेश अहलावत नया चेहरा होंगे जबकि चार मंत्री बरकरार रहेंगे। 'आप' ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दिल्ली की मुख्यमंत्री नामित की गई आतिशी और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी 21 सितंबर को पद की शपथ लेंगे। आप ने कहा कि निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मंत्रीमंडल का हिस्सा रहे गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत और इमरान हुसैन को पुनः मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी। आप के राष्ट्रीय संयोजक के विश्वासपात्र सहयोगियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन द्वारा पिछले साल फरवरी में इस्तीफा देने के बाद आतिशी और भारद्वाज को केजरीवाल के मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था। अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद आतिशी ने राष्ट्रीय राजधानी में नयी सरकार बनाने का दावा पेश किया। गोपाल राय पर्यावरण, विकास और सामान्य प्रशासन विभाग संभालते हैं जबकि भारद्वाज स्वास्थ्य, पर्यटन और शहरी विकास विभाग के मंत्री हैं। कैलाश गहलोत के पास परिवहन, गृह तथा महिला एवं बाल विकास विभाग हैं, जबकि हुसैन खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री हैं।



### आतिशी के पास 13 विभाग

केजरीवाल की अध्यक्षता वाले मंत्रिमंडल में आतिशी के पास वित्त, राजस्व, लोक निर्माण विभाग और शिक्षा जैसे 13 प्रमुख विभाग हैं। इतने सारे विभागों को संभालने में उनके अनुभव के कारण ही आतिशी को केजरीवाल का उत्तराधिकारी चुना गया। नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह राज निवास में आयोजित किया जा सकता है। हालांकि, केजरीवाल ने जिन परिस्थितियों में इस्तीफा दिया है उसके मद्देनजर यह 'सादा समारोह' हो सकता है। आतिशी ने खुद कहा है कि अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा बेहद दुखद क्षण था।

# पन्नू की हत्या की कोशिश... अमेरिका ने डोभाल को भेजा समन

### भारत ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले की अमेरिकी जिला कोर्ट ने भारत सरकार, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, पूर्व रॉ प्रमुख सामंत गोयल को समन भेजा है। इनको खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस के सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश के संबंध में समन जारी किया गया है। एक अमेरिकी कोर्ट के भारत सरकार और टॉप अफसरों को समन जारी करने पर केंद्र ने तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने एक बयान में कहा कि जैसा कि हमने पहले कहा है, ये पूरी तरह से अनुचित और निराधार आरोप हैं। अब जब यह विशेष मामला दर्ज हो गया है, तो मैं केवल आपका ध्यान इस विशेष मामले के पीछे के शख्स की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जिसका इतिहास सबको पता है। उन्होंने कहा कि 'मैं इस तथ्य को भी कहना चाहता हूं कि जिस संगठन का यह शख्स प्रतिनिधित्व करता है, वह एक गैरकानूनी संगठन है।



### भारत ने कहा- सरकार की नीति के खिलाफ

भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी अदालत के समन पर आपत्ति जताई है और इसे चिंताजनक बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, 'ये मामला पूरी तरह से अनुचित और सरकार की नीति के खिलाफ है। इस मामले को हम गंभीरता से ले रहे हैं। हाईलेवल जांच भी शुरू की गई है और सभी पहलुओं पर बारीकी से नजर रखी जा रही है।'

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
94060-21769

### कंगना की 'इमरजेंसी' पर हाईकोर्ट का सवाल

# अपनी ही सांसद के खिलाफ काम कर रही है भाजपा?

एजेंसी ▸▸ मुंबई



बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को कहा कि रचनात्मक आजादी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता और सेंसर बोर्ड कानून-व्यवस्था खराब होने की आशंका के कारण किसी फिल्म को सर्टिफिकेट देने से इनकार नहीं कर सकता। जस्टिस बीपी कोलाबावाला और जस्टिस फिरदौस पूनीवाला की खंडपीठ ने कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' को सर्टिफिकेट जारी करने के सिलसिले में फैसला नहीं लेने पर केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के प्रति नाराजगी व्यक्त की और 25 सितंबर तक निर्णय लेने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि कंगना रनौत बीजेपी सांसद हैं, ऐसे में क्या सत्तारूढ़ पार्टी अपनी ही सांसद के खिलाफ काम कर रही है?

### क्या देश के लोग इतने भोले-भाले?

बेंच ने पूछा कि क्या सीबीएफसी को लगता है कि इस देश के लोग इतने भोले-भाले हैं कि वे फिल्म में दिखाई गई हर बात पर विश्वास कर लेंगे। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि सीबीएफसी राजनीतिक कारणों से फिल्म को प्रमाणपत्र जारी करने में देरी कर रहा है, इसपर हाई कोर्ट ने कहा, "फिल्म की सह-निर्माता रनौत स्वयं भाजपा की सांसद हैं और क्या सत्तारूढ़ पार्टी अपनी सांसद के खिलाफ काम कर रही है? रनौत ने फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी की मुख्य भूमिका निभाने के अलावा इसका निर्देशन और सह-निर्माण भी किया है। अभिनेत्री ने इस सप्ताह की शुरुआत में सीबीएफसी पर फिल्म की रिलीज में देरी करने के लिए प्रमाणन में बाधा डालने का आरोप लगाया था।"

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
मो. 94252-14479, 0771-4020411
www.makeoverraipur.com

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर), कोक्लियेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू, चौबे कालोनी, प्रगति कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

स्वास्तिक नर्सिंग होम — पाल जी
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330, मो. 0771-4347172

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्प्लेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, इमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329101037
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग, नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किया जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
17, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

**रायपुर**
**शुक्रवार, 20 सितंबर 2024**
आश्विन कृष्ण पक्ष तृतीया
वर्ष : 23, अंक : 65
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 33.1
न्यून. 24.2



## कलेक्टर नाराज, बालको और सीएसईबी को नोटिस

**कोरबा।** कोरबा प्रवास पर पहुंचे वित्त मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री का प्लेन रूमगड़ा स्थित एयरस्ट्रिप पर लैंडिंग के दौरान लड़खड़ा गया। इस मामले को लेकर प्रोटोकॉल अधिकारी ने बालको एवं सीएसईबी प्रबंधन को नोटिस जारी कर तीन दिनों के अंदर जवाब मांगा है। इस वाकये को लेकर एयरस्ट्रिप पर मंत्री द्वय की अगुवानी करने पहुंचे कलेक्टर अजीत बसंत ने नाराजगी जाहिर करते हुए बालको एवं सीएसईबी प्रबंधन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रोटोकॉल अधिकारी ने बिजली कंपनी एवं बालको मैनेजमेंट को नोटिस जारी कर एयरस्ट्रिप के मेंटनेंस में बरती गई लापरवाही के संदर्भ में जवाब तलब किया है। उन्होंने तीन दिनों के अंदर नोटिस का जवाब दोनों प्रबंधन से जवाब मांगा है। कलेक्टर ने कहा कि स्टेट प्लेन की लैंडिंग के दौरान पायलट को दिक्कतें आई थी। पायलट ने शिकायत की है कि रन वे मापदंड के अनुसार नहीं है। इस मामले में दोनों प्रबंधन को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है।

# स्टेट प्लेन रनवे पर लड़खड़ाया, बड़ा हादसा टला
# सवार थे दो मंत्री, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सहित 6 नेता

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश सरकार का स्टेट प्लेन गुरुवार को कोरबा में रनवे पर लैंडिंग के साथ रनवे खराब होने के कारण लड़खड़ा गया। चार झटकों के बाद पायलट ने प्लेन वापस उड़ाकर फिर से लेंडिंग करके हादसा होने से बचा लिया। इस प्लेन में प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सहित छह नेता सवार थे। ये लोग रायपुर से भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास महतो की माता की तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इस मामले में प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी ने कलेक्टर, एसीपी को जांच के आदेश दिए हैं। इधर, प्रोटोकाल अधिकारी ने बालको प्रबंधन को नोटिस जारी कर सात दिनों में जवाब मांगा है।

प्रदेश के स्टेट प्लेन में गुरुवार को दोपहर यहां से सवार होकर प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, भाजपा के प्रवक्ता अमित साहू, अखिलेश सोनी कोरबा के लिए उड़े। जब करीब ढाई बजे कोरबा में पायलट ने प्लेन को लैंड किया, तो प्लेन रनवे पर जंप होने लगा। पायलट ने तत्काल स्थिति को भांपते हुए प्लेन को वापस उड़ा दिया। इसके बाद खराब रनवे से कुछ दूर आगे प्लेन की लैंडिंग की गई।



कोरबा में लैंडिंग के दौरान चार बार रनवे पर जंप हुआ प्लेन

### जांच के आदेश दिए हैं : ओपी चौधरी

प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी ने हरिभूमि को बताया, पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए प्लेन को वापस उड़ाकर लैंडिंग की। पायलट बाद में हम लोगों को उस स्थान पर लेकर गए और जहां पर प्लेन लैंडिंग के बाद लड़खड़ा रहा था। वहां पर साफ दिख रहा था कि जो रनवे बनाया गया, वह ऊपर नीचे है। ऐसे में मैंने इस मामले में कलेक्टर और एसपी को जांच के निर्देश दिए हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एनआईए ने नक्सल मामले में की छापेमारी

**गया।** एनआईए ने प्रतिबंधित संगठन भाकपा के कार्यकर्ताओं के साथ गैरकानूनी गतिविधियों में कथित संलिप्तता की जांच को लेकर गया जिले में बिहार विधान परिषद की एक पूर्व सदस्य सहित दो लोगों के परिसरों पर तलाशी ली।



एनआईए के अधिकारियों ने गया जिले के रामपुर थाना क्षेत्र में उक्त छापेमारी की कार्रवाई की।

### सलमान के पिता को धमकी हिरासत में लिए गए

**मुंबई।** मुंबई के बांद्रा इलाके में अभिनेता सलमान खान के पिता और लेखक सलीम खान को मजाक में धमकाने के बाद एक पुरुष और बुर्का पहने हुए एक महिला को हिरासत में लिया गया। लेखक सलीम खान बुधवार को सुबह की सैर के बाद बांद्रा बैंडस्टैंड में बैठे थे कि तभी इन्होने धमकी दी थी।



### स्कूल बस से टकराई बाइक, तीन की मौत

**अलीबाग।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में स्कूल बस से मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। बुधवार को यह घटना पराली गांव के पास तब हुई जब स्कूल बस घोटावडे से पाली जा रही थी। मोटरसाइकिल एक कार से आगे निकलने के प्रयास के दौरान बस से टकरा गई। मृतकों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए हैं।



### बहराइच में दिखा भेड़ियों का नया झुंड

**बहराइच।** बहराइच में आखिरी आदमखोर भेड़िये की तलाश के बीच महसी तहसील के मैगला गांव में एक फार्म हाउस के पास चार भेड़ियों का झुंड देखा गया। स्थानीय लोग भेड़ियों के इस नए झुंड में एक लंगड़ा भेड़िया होने का भी दावा कर रहे हैं, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वही आदमखोर है।



### आईटीबीपी के पूर्व डीजी गौतम कौल का निधन

**नई दिल्ली।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक गौतम कौल का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इंदिरा गांधी की हत्या के समय कौल दिल्ली में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात थे। 1965 बैच के सेवानिवृत्त अधिकारी कौल ने 1998-2001 के दौरान आईटीबीपी के महानिदेशक के तौर पर सेवा दी।



## मामला गरमाएगा, कांग्रेस पहुंची गांव, गृहमंत्री बोले- परिजनों को मिलेगा न्याय

# न्यायिक हिरासत में मौत पर उबाल, शरीर में मिले चोटों के निशान, कांग्रेस का कल छग बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा के रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारीडीह निवासी शिवप्रसाद साहू उर्फ कचरू का शव जिले की सीमा से लगे मध्यप्रदेश के बालाघाट में मिलने के बाद सामने आए लोहारीडीह आगजनी व गांव के पूर्व सरपंच रघुनाथ साहू की हत्या तथा इस घटना के एक आरोपी प्रशांत साहू की न्यायालयीन अभिरक्षा में मौत के मामले में अब प्रशासन पूरी तरह से बैकफुट में नजर आ रहा है।

हरिभूमि फॉलोअप

बुधवार की देरशाम कांग्रेस, मृत कैदी के परिजनों और साहू समाज के भारी दबाव को देखते हुए कवर्धा पहुंचे प्रदेश के गृह मंत्री, दुर्ग रेंज के आईजी तथा जेल डीजी की आपसी चर्चा के बाद मृतक का मजिस्ट्रेट की निगरानी में एक समिति गठित कर वीडियोग्राफी के साथ पीएम कराने का निर्णय लिया गया। देर रात आई मृतक की प्राथमिक पीएम रिपोर्ट में इस बात का खुलासा किया गया है कि प्रशांत साहू के पूरे शरीर में कई गंभीर चोट के निशान मौजूद थे। माना जा रहा है कि ये चोट पुलिस की पिटाई से आई है और उसकी मौत भी इसी वजह से हुई है। इस खुलासे के बाद शासन ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के आईपीएस ट्रेनी एएसपी विकास कुमार को निलंबित कर दिया। वहीं, मृतक के पीड़ित परिवार को 10 लाख का मुआवजा देने की घोषणा कर दी।

## अभिरक्षा में मौत के मामले में प्रशासन बैकफुट पर

*न्यायिक अभिरक्षा में मौत के मामले में पुलिसिया कार्रवाई संदेह के दायरे में आ गई है। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि मृतक प्रशांत साहू के शरीर में कई गंभीर चोट के निशान मौजूद थे। वहीं, प्रकरण को लेकर कांग्रेस ने 21 सितंबर को छत्तीसगढ़ बंद का ऐलान किया है।*

### पुलिसिया पिटाई से मौत

आरोप है कि आईपीएस ट्रेनी एएसपी विकास कुमार रविवार को लोहारीडीह आगजनी, हत्या काण्ड के बाद सोमवार को इस मामले में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी करने दलबल के साथ लोहारीडीह पहुंचे थे और उन्हीं के दिशा निर्देश में दूसरे ग्रामीणों के साथ प्रशांत साहू को भी गिरफ्तार किया गया था। उसके साथ जमकर मारपीट की गई थी। जिस तरह की चोट के निशान मृतक प्रशांत साहू के शरीर में मिले हैं, वे गांव में की गई पिटाई के हैं या फिर रेंगाखार थाने में की गई पिटाई के या फिर जेल में पिटाई हुई है, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है, लेकिन इतना जरूर साफ हो गया है कि प्रशांत की मौत पुलिस की पिटाई से ही हुई है।



### गृहमंत्री पहुंचे पीड़ित के गृहग्राम



प्रदेश के गृहमंत्री रात को ही पीएम के बाद प्रशांत का शव तथा उनके परिजनों को लेकर तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीधे उनके गृह ग्राम लोहारीडीह पहुंचे, जहां उन्होंने परिजनों के समक्ष अपनी संवेदनाएं प्रकट की तथा शासन द्वारा इस मामले में की गई फौरी कार्रवाई से उन्हें अवगत काराया। ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस ने किया 21 को प्रदेश बंद का आह्वान

प्रशांत साहू की पुलिसिया पिटाई से जेल में मौत के मामले को लेकर कांग्रेस ने अब प्रदेश बंद का ऐलान किया है। गुरूवार को मृतक प्रशांत साहू के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे प्रदेश के ▶▶ शेष पेज 4 पर



### पुलिस, जेल तथा अस्पताल प्रशासन पर आरोप

आरोप लगाया जा रहा है कि प्रशांत की मौत के लिए पुलिस प्रशासन तो दोषी है ही, साथ ही जेल तथा अस्पताल प्रशासन भी जिम्मेदार है। सवाल उठाया जा रहा है कि क्या जेल दाखिल किए जाने से पूर्व प्रशांत का मेडिकल नहीं कराया गया था और कराया गया था, तो फिर अस्पताल प्रशासन ने जानलेवा गंभीर चोट के बाद भी प्रशांत को जेल में रखने की सहमति क्यों दी? अगर मेडिकल चेकअप नहीं कराया गया था, तो फिर जेल प्रशासन ने बगैर मेडिकल चेकअप के उसे जेल में क्यों रखा? कहा जा रहा है कि प्रशांत को मंगलवार के रोज भी अस्पताल लाया गया था और उसके सीने का एक्सरा आदि भी किया गया था, तो क्या उस समय प्रशांत के शरीर में वो चोट के निशान मौजूद नहीं थे, जो बुधवार को पंचनामा तथा पीएम में सामने आए हैं। ये कुछ ऐसे सवाल हैं, जो निश्चित रूप से जेल प्रशासन के साथ अस्पताल प्रशासन को भी न सिर्फ कटघरे में खड़ा करते हैं, बल्कि इन्हें प्रशांत की मौत का जिम्मेदार भी ठहराते हैं। यही वजह है कि मामले की न्यायिक जांच कराए जाने की मांग की जा रही है।

## पर्सनल जरूरतों के लिए राशि की बढ़ाई लिमिट

# अब पीएफ से एक बार में निकाल सकेंगे 1 लाख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। पर्सनल जरूरतों के लिए निकाली जाने वाली राशि की लिमिट में बढ़ोतरी की गई है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के ग्राहक अब पर्सनल जरूरतों के लिए अपने खातों से एक बार में 1 लाख रुपए तक निकाल सकते हैं, जो कि 50,000 की सीमा से अधिक है। मंत्री के अनुसार इसके अतिरिक्त, नए कर्मचारी जिन्होंने अपनी वर्तमान नौकरी में अभी छह महीने पूरे नहीं किए हैं। वे अब धन निकालने के पात्र हैं, जो कि पिछली सीमा से अलग है। बता दें कि 17 ऐसी कंपनियां हैं जिनके कुल कर्मचारियों की संख्या 1,00,000 है और 1,000 करोड़ रुपए का फंड है। अगर वे अपने स्वयं के फंड के बजाय ईपीएफओ में स्विच करना चाहते हैं, तो उन्हें इसकी अनुमति दी जाएगी। सरकार की पीएफ बचत बेहतर और स्थिर रिटर्न देती है।

### ईपीएफओ बचत ही सहारा

मंडाविया ने कहा कि लोग अक्सर शादी और चिकित्सा उपचार आदि जैसे खर्चों को पूरा करने के लिए अपनी ईपीएफओ बचत का सहारा लेते हैं। हमने निकासी की सीमा को एक बार में 1 लाख रुपए तक बढ़ा दिया है। नई निकासी सीमा इसलिए बढ़ाई गई क्योंकि खर्च में बदलाव के कारण पिछली सीमा पुरानी हो गई थी। लोगों की जरुरत के हिसाब से 50 हजार की रकम कम पड़ रही थी।

### छह महीने के भीतर नौकरी छोड़ी तो...

*नई नौकरी के पहले छह महीनों के भीतर अगर कर्मचारी नौकरी छोड़ देता है तो पीएफ खाते से पैसे निकालने की छूट रहेगी। उन्होंने कहा-पहले लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब पीएफ कंट्रीब्यूटर पहले छह महीनों में भी निकासी कर सकते हैं। यह उनका पैसा है।*

## इमरजेंसी ब्रेक से रोकी गाड़ी

# अब दून एक्सप्रेस को पलटने की साजिश, ट्रैक पर रखा खंभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

यूपी में एक बार फिर ट्रेन को पलटने की कोशिश हुई है। रामपुर में रेलवे ट्रैक पर सात मीटर खंभा रखकर काठगोदाम-देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन को डिरेल करने की कोशिश हुई है। संयोग से लोको पायलट ने दूर से ही खंभे को देख लिया और इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी रोक ली। मामले की जानकारी होते ही खलबली मच गई। खंभा हटाकर ट्रेन तो रवाना कर दी गई लेकिन आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक तथा जीआरपी एसपी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर जायजा लिया।

बताया जाता है कि रुद्रपुर बॉर्डर से सिटी क्षेत्र की बलवंत एनक्लेव कालोनी के पीछे से गुजर रही रेलवे लाइन पर खंभा संख्या 45/10 और 11 के बीच बुधवार की रात बिजली का लोहे का भारी भरकम खंभा किसी ने ट्रैक पर रख दिया था।इसी दौरान गाड़ी संख्या 12091 काठगोदाम देहरादून एक्सप्रेस देहरादून से वापस काठगोदाम उसी ट्रैक से जा रही थी।

### 15 मिनट रेलवे स्टेशन पर रुकी रही ट्रेन

पुलिस का कहना है इसके बाद चालक ने पाइप को ट्रैक से हटाकर ट्रेन रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पर जाकर रोकी। मामले की सूचना स्टेशन अधीक्षक को दी। इस दौरान ट्रेन करीब 15 मिनट रेलवे स्टेशन पर रुकी रही। स्टेशन अधीक्षक ने रेलवे पटरी पर लोहे का पाइप रखकर ट्रेन पलटने की आशंका जताते हुए मामले की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस व रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों को दी।

### मौके पर पहुंचे अफसर

पुलिस अधीक्षक विद्या किशोर मिश्र ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि वह ऐसे शरारतीतत्वों पर नजर रखें और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें। उधर, सूचना पर जीआरपी पुलिस अधीक्षक ने भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और जीआरपी पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### पहले गाजीपुर-कानपुर में हुई थी साजिश

इससे पहले, गाजीपुर में लकड़ी का बोरा ट्रैक पर रखकर ट्रेन को पलटने की साजिश रची गई थी। कानपुर में सिलेंडर और पेट्रोल भरी बोतल रखी गई थी। लगातार हो रही घटनाओं से पुलिस अलर्ट मोड में भी है।

## जादू टोना के शक में हत्या का मामला

# पुलिस हिरासत में आंध्र और ओडिशा के दो तांत्रिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/कोंटा

छत्तीसगढ़ का सबसे अंतिम कोने पर बसा है कोंटा, जहां से छत्तीसगढ़ की सीमा अन्य पड़ोसी राज्यों ओडिशा और आंध्रप्रदेश से मिलती है। क्षेत्र में पहली बार जादू टोना के आरोप में एक ही परिवार के 5 लोगों की जिस तरह से जघन्य हत्या हुई है, उसमें भी आंध्रप्रदेश और ओडिशा का कनेक्शन मिला है। गांव के मौसम परिवार पर लंबे ▶▶ शेष पेज 4 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### हत्याकांड में 7 और गिरफ्तारी के साथ कुल 24 ग्रामीण बने आरोपी, जिनमें 3 महिलाएं

- 3 राज्यों के बीच बसे कोंटा का ओडिशा और आंध्रप्रदेश से व्यापार के साथ-साथ रिश्ते नाते और झाड़ फूंक एवं इलाज तक का संबंध



### पुलिस का सूचना तंत्र फेल

काफी दिनों से एतकल गांव सुलग रहा था, लगातार मौत के बाद भी प्रशासन और पुलिस की भूमिका सही नहीं थी। घटना दिवस को दो बार बैठक और एक दिन पहले भी गांव में तनाव का माहौल था। इसकी खबर तक प्रशासन को नहीं है यह विचारणीय सवाल है। जवान को फोन से बुलाना और सीधे हत्या कर देना बड़ी घटना है। सरकार अपनी नाकामी से बच नहीं सकती। पुलिस का सूचना तंत्र फेल हो गया है।

- **कवासी लखमा**, विधायक, कोंटा

## आरजी कर अस्पताल मामला

# जूडा की हड़ताल खत्म, मांगें नहीं मानीं गईं तो फिर काम बंद

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप व हत्याकांड के बाद 9 अगस्त से धरना प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने 41 दिन बाद हड़ताल को आंशिक रूप से स्थगित कर काम पर वापस लौटने का ऐलान किया है। डॉक्टरों ने कहा कि वे ओपीडी में काम नहीं करेंगे, लेकिन आवश्यक सेवाओं में आंशिक रूप से काम करेंगे। हम प. बंगाल सरकार द्वारा किए गए सभी वादों के क्रियान्वयन के लिए एक सप्ताह तक इंतजार करेंगे और अगर वे पूरे नहीं हुए तो हम काम बंद कर देंगे। न्याय के लिए हमारी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। ममता सरकार इनसे काम पर वापस लौटने की मांग कर रही थी।

### बाढ़ पीड़ितों की करेंगे मदद

प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टर आज शनिवार से सभी डॉक्टर काम पर वापस लौटेंगे और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लोगों की मदद करेंगे। जूनियर डॉक्टर आज दोपहर 3 बजे सीबीआई कार्यालय तक रैली निकालेंगे और उसके बाद प्रदर्शन को आंशिक रूप से स्थगित कर काम पर लौटेंगे। आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत आने वाली सभी सेवाओं का ध्यान रखा जाएगा।

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने नक्सलियों को दी चेतावनी

# हथियार छोड़ो, नहीं तो बड़े ऑपरेशन को तैयार रहो

हरिभूमि न्यू ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री ने दिल्ली स्थित अपने आवास पर बस्तर के घने जंगलों से पहली बार दिल्ली आए 70 नक्सल पीड़ितों के दल के साथ उनकी व्यथा को उनके मुंह से सुना। उन्होंने आदिवासियों से कहा, हमारे घर में बहुत सारे महापुरुष पधारे मगर आपलोगों को निज निवास पर आमंत्रित करना ▶▶ शेष पेज 4 पर

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मिला 70 नक्सल पीड़ितों का दल

### 21 को मिलेंगे राष्ट्रपति से

यह दल 21 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेगा। इस मुलाकात में नक्सल प्रभावित इलाकों में स्थायी शांति और विकास के लिए चर्चा की जाएगी। दल के सदस्य राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपेंगे, जिसमें सुरक्षा बलों की तैनाती, विकास कार्यों की गति बढ़ाने, और नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की ▶▶ शेष पेज 4 पर



**जंतर-मंतर पर पीड़ितों की आवाज़:** केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात से पहले, नक्सल पीड़ितों का यह दल जंतर मंतर पर भी पहुंचा था, जहां उन्होंने अपनी समस्याओं को आम जनता के सामने रखा। इस आंदोलन का उद्देश्य था कि नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास और शांति को प्राथमिकता दी जाए, और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। एक पीड़ित ने कहा, हमने छत्तीसगढ़ ▶▶ शेष पेज 4 पर

### शाह को सुनाई आपबीती कहा-नक्सल हिंसा ने बर्बाद कर दिया जीवन

मुलाकात के दौरान नक्सल पीड़ितों ने गृह मंत्री को अपनी आपबीती सुनाई। एक पीड़ित ने बताया, नक्सलियों के कारण हमने अपना सब कुछ खो दिया। अब हमें उम्मीद है कि सरकार हमारी मदद करेगी और हमें न्याय मिलेगा। गृहमंत्री ने उनकी बातों को ध्यान से सुना और आश्वासन दिया कि सरकार नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाएगी।

## थरूर को विदेश, दिग्गी को शिक्षा समिति की कमान





**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर विदेश मामलों से संबंधित संसद की स्थायी समिति की अध्यक्षता करेंगे, वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह शिक्षा विभाग से जुड़ी समिति का नेतृत्व संभालेंगे। सूत्रों ने यह भी बताया कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी कृषि संबंधी स्थायी समिति और ओडिशा के कोरापुट से पार्टी सांसद सप्तगिरी उलका ग्रामीण विकास संबंधी समिति की अध्यक्षता करेंगे।

चिंतन

# जलवायु संकट से निपटने को जीवाश्म ईंधन से मुक्ति जरूरी

जलवायु परिवर्तन के चलते बढ़ रहे संकट से निपटने के लिए विश्व स्तर पर वित्तपोषण बढ़ाना जरूरी है। प्रभावशाली देशों के एक समूह ने जी-20 देशों से जलवायु कार्रवाई के लिए समग्र कोष को बढ़ाने तथा जीवाश्म ईंधन में निवेश से तत्काल हाथ खींच लेने का आग्रह किया है। जी-20 देशों की बैठकों में धरती पर बढ़ रहे तापमान से निपटने के लिए हरित ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ाने समेत अनेक बहुकोणीय उपाय पर चर्चा हुई थी। पेरिस में क्लाइमेट करार के बाद से सीओपी-26, 27 व 28 की बैठकें हो चुकी हैं, अब सीओपी-29 की बैठक की तैयारी चल रही है। इन बैठकों में कार्बन उत्सर्जन के सभी स्त्रोतों से मुक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ने का वैश्विक संकल्प लिया गया है, लेकिन विकसित देशों की ओर से वित्तपोषण में ढिलाई के चलते एक्शन प्लान आगे नहीं बढ़ता है। अब जबकि उच्च महत्वाकांक्षा गठबंधन (एचएसी) ने जी-20 समूह को पत्र लिखकर कहा है कि सभी देशों को जलवायु संकट से निपटने के वास्ते अधिक से अधिक धन जुटाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, तो इसकी गंभीरता को हम समझ सकते हैं। जी-20 समूह को पत्र ऐसे समय में लिखा गया है जब, अजरबैजान के बाकू में आयोजित सीओपी-29 में जलवायु कोष पर एक नया सामूहिक परिमाणित लक्ष्य (एनसीक्यूजी) निर्धारित करने के उद्देश्य से जी-20 देश एकत्रित हो रहे हैं। एनसीक्यूजी वह नई धनराशि है जिसे विकसित देशों को विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए 2025 से प्रतिवर्ष जुटाना होगा। एचएसी ने इस बात पर जोर दिया कि जी-20 देश के पास हमारे ग्रह के भविष्य की दिशा बदलने की शक्ति, संसाधन और जिम्मेदारी अधिक है। चूंकि जी-20 देश वैश्विक कार्बन उत्सर्जन के लगभग 80 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में उनकी हिस्सेदारी 85 प्रतिशत है। आज विश्व की ऊर्जा आपूर्ति में जीवाश्म ईंधन की हिस्सेदारी सर्वाधिक है। विश्व स्तर पर वैकल्पिक ऊर्जा के स्त्रोतों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे जीवाश्म ईंधन-पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी आदि पर से निर्भरता कम की जाए। कल-कारखानों, वाहनों में जीवाश्म ईंधन के अधिक प्रयोग, एयरकंडीशनर के अधिक इस्तेमाल व अत्यधिक आबादी के चलते धरती पर कार्बन उत्सर्जन की मात्रा लगातार बढ़ती जा रही है। ओजोन परत में ब्लैक होल हो गया है। पर्यावरण के दूषित होने से बीमारियां बढ़ रही हैं, मौसम चक्र बिगड़ रहा है, चार करोड़ से अधिक बच्चों पर मौत का खतरा मंडरा रहा है। एचएसी गठबंधन में एंटीगुआ और बारबुडा, बारबाडोस, चिली, कोलंबिया, फिनलैंड, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, स्पेन, स्वीडन और ब्रिटेन शामिल हैं। अगले 20 सालों में, जलवायु परिवर्तन अनियमित मौसम के कारण आर्थिक खतरों में और भी इजाफा होगा। गरीब आबादी जलवायु परिवर्तन के कारण अधिक प्रभावित हो रही हैं। अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे देशों में अमीर आबादी भी इस संकट से खासा प्रभावित हो रही है। संयुक्त राष्ट्र मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के मुताबिक, नई तकनीकों व कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के ज़रिए, ज़रूरी कार्रवाई लागू करके, अस्तित्व के इस संकट से निपटा जा सकता है। यह बात इस सदी में वैश्विक तापमान के पूर्व-औद्योगिक स्तर से 3 सेंटीग्रेड ऊपर पहुंचने की प्रमुख जलवायु वैज्ञानिकों की नवीन चेतावनियों के बीच कही गई है। जी-20 देशों को वित्तपोषण बढ़ाने व जीवाश्म ईंधन से मुक्ति की दिशा में तत्काल कदम उठाना चाहिए।

स्वास्थ्य

बाल मुकुन्द ओझा



# एंटीबायोटिक्स के अत्यधिक इस्तेमाल बिगाड़ रहे सेहत

एंटीबायोटिक्स दवाओं के एक नये खुलासे से देशवासी सकते में हैं। एक वैश्विक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है एंटीबायोटिक्स दवाओं के बिना सोचे-समझे गलत और अत्यधिक इस्तेमाल से भारत के लोगों का स्वास्थ्य खतरे में पड़ गया है। स्वास्थ्य पत्रिका लेंसेट के एक ताज़ा अध्ययन के अनुसार 2019 में भारत में सेप्सिस से होने वाली लगभग तीस लाख मौतों में से 18 लाख मौतें सेप्सिस यानि बैक्टीरिया इन्फेक्शन से हुई। ब्लड इंफेक्शन को सेप्सिस के नाम से भी जानते हैं। यह बीमारी संक्रमण से पैदा हो सकती है। ब्लड इंफेक्शन तब होता है जब संक्रमण से निपटने के लिए खून में घुलने वाले रसायन पूरे शरीर में सूजन के साथ जलन पैदा करने लगते हैं। इसके चलते शरीर में कई तरह के परिवर्तन भी देखने को मिलते हैं। शोध में 2050 तक दुनियाभर में लगभग चार करोड़ लोगों की मौत एएमआर यानि एंटीबायोटिक रेसिस्टेन्स से होने की आशंका व्यक्त की गई है। अध्ययन में दुनियाभर के 500 शोधकर्ताओं को शामिल किया गया। इस शोध में भारत सहित 204 देशों के सभी आयु सीमा के लोगों के बीच 22 रोगजनकों, 84 रोगजनक और दवाओं के मिश्रण तथा 11 संक्रामक सिंड्रोम आदि का गहन विश्लेषण किया गया। भारत में तीन सबसे अधिक प्रतिरोधी रोगजनक पाए गए। इनमें आंत और पेशाब में इन्फेक्शन, निमोनिया सहित अनेक अन्य रोगों के संक्रमण मिले। शोध में 2050 तक दुनियाभर में लगभग चार करोड़ लोगों की मौत एएमआर यानि एंटीबायोटिक रेसिस्टेन्स से होने की आशंका व्यक्त की गई है। आजकल एंटीबायोटिक दवाओं का इस्तेमाल ज्यादा बढ़ रहा है। रोजाना की दौड़ती-भागती जिंदगी में लोग सरदर्द, पेटदर्द, सर्दी, खांसी या बुखार होने पर एंटीबायोटिक दवा ले लेते हैं। बहुत से लोग बिना किसी डॉक्टर की सलाह के भी इनका इस्तेमाल करने लगे हैं। यह सेहत के लिए नुकसानदायक है। एंटीबायोटिक दवाओं का अंधाधुंध उपयोग किस प्रकार हमारे स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है, इसकी एक भयावह जानकारी हमारे सामने आई है। एक रिसर्च में बताया गया है कि सबसे ज्यादा एजिथ्रोमाइसिन दवा का उपयोग किया गया। ये 500 एमजी की एक टैबलेट होती है। जो एंटीबायोटिक का काम करती है। देश में करीब 8 प्रतिशत लोगों ने इस दवा का सेवन किया था। एक रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में एंटीबायोटिक का सेवन हर दशक में 30 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। असल में एंटी बायोटिक दवाइयां हमारे देश में लगभग हर मेडिकल स्टोर पर बिकने वाली आम दवाओं में से एक है। हालांकि यह दवा डॉक्टरी पर्चे पर दी जानी चाहिए मगर देखा गया है दुकानदार इसे बिना समुचित पर्ची के लोगों को दे देते हैं। हमारे देश में लोग मामूली बीमारियों के इलाज के लिए डॉक्टर के पास नहीं जाते। वे केमिस्ट से दवाई लेते हैं। कुछ लोग कई दवाओं के बारे में जानते हैं कि ये किस बीमारी को ठीक करती है और उसी हिसाब से दवाई ले लेते हैं। लेकिन उन्हें इन दवाइयों के साइड इफेक्ट के बारे में पता नहीं होता। बिना डॉक्टर की सलाह के ये दवाइयां जरूरत से ज्यादा लेने के बाद शरीर में रेसिस्टेंस यानी प्रतिरोध पैदा कर लेती हैं। इसके बाद इनका कोई असर नहीं होता। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी एंटीबायोटिक दवाओं के अंधाधुंध इस्तेमाल पर चेतावनी जारी की थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के रिसर्च के मुताबिक एंटीबायोटिक के ज्यादा इस्तेमाल से 'एंटी माइक्रो-बियल रेजिस्टेंस' का रिस्क बढ़ रहा है। जो वाकई में किसी महामारी से भी बड़ा खतरा है। एंटी माइक्रो-बियल रेजिस्टेंस' से दुनिया में हर साल 50 लाख लोगों की मौत हो जाती है। यही हाल रहा तो साल 2050 तक मौत का आंकड़ा करोड़ों के पार चला जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के हाल के एक अध्ययन में पता चला है कि कोविड महामारी के दौरान लोगों को इतनी ज्यादा एंटीबायोटिक दवाएं खिलाई गईं कि उससे एंटीमाइक्रोबियल और एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस और ज्यादा बढ़ गया है। जितने लोगों को कोविड हुआ, उनमें से महज 8 प्रतिशत लोगों को एंटीबायोटिक दवाओं की जरूरत थी, लेकिन डर का माहौल इतना था कि सभी लोगों को ज्यादा मात्रा में यह दवाएं दी गईं। तकरीबन 75 प्रतिशत लोगों ने एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन किया। भारत में कोविड के दौरान लोग थोड़ी भी सर्दी-खांसी होने पर खुद ही मेडिकल स्टोर से खरीदकर एंटीबायोटिक दवाइयां खा रहे थे। इन सबका नतीजा ये हुआ है कि सुपरबग में दवाइयों के प्रति एक रेजिस्टेंस डेवलप हो गया है। यह समस्या कोविड के पहले भी गंभीर थी, लेकिन अब और ज्यादा हो गई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# कृषि विकास से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

वर्ष 2024-25 के बजट के तहत किसानों के कल्याण और कृषि को विकास का इंजन बनाने की रणनीति के तहत किसानों के हित में कृषि व ग्रामीण क्षेत्र की क्षमता के दोहन के जो अभूतपूर्व कदम आगे बढ़ाए गए हैं, उनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकी जा सकेगी। निःसंदेह सरकार ने कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित किया है। कृषि व ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। विश्व बैंक के द्वारा जारी 'इंडिया डेवलपमेंट अपडेट' रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि क्षेत्र में सुधार व ग्रामीण मांग में तेजी के चलते भारत की विकास दर 7 फीसदी के स्तर पर पहुंचते हुए दिखाई देगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में किसानों के हित में दो बड़े फैसले लिए गए हैं। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना को जारी रखा जाएगा, साथ ही रबी मौसम के लिए उर्वरकों पर सब्सिडी को भी मंजूर कर लिया है। इन दोनों योजनाओं पर लगभग 60000 करोड़ रुपये व्यय होंगे। इससे जहां किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य मिलेगा, वहीं उपभोक्ताओं को भी फायदा होगा। इस परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 100 दिनों में कृषि एवं ग्रामीण विकास उन्नयन के प्रयास इस क्षेत्र के लिए मील का पत्थर हैं और इससे जहां किसान लाभांवित हो रहे हैं, वहीं ग्रामीण विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। ऐसे में अर्थ विशेषज्ञों का मत है कि यद्यपि देश की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है, लेकिन अभी भी सरकार के द्वारा कृषि और ग्रामीण विकास की नई योजनाओं के क्रियान्वयन तथा बहुआयामी चुनौतियों के तत्परतापूर्वक समाधान करने के लिए तेजी से आगे बढ़ना होगा।

पिछले दिनों केंद्र सरकार ने जहां बासमती चावल और प्याज निर्यात पर राहत दी है, वहीं खाद्य तेलों के आयात शुल्क में कुछ वृद्धि की है, उसका मकसद किसानों को अच्छी कीमत मिल सके और मुद्रास्फीति भी नियंत्रित रहे। ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार ने खाद्य वस्तुओं के निर्यात के परिप्रेक्ष्य में जो निर्णय लिए हैं उनके तहत बासमती चावल पर लागू 950 डॉलर न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) और प्याज के निर्यात पर लागू 550 डॉलर न्यूनतम एमईपी को हटाने के साथ ही प्याज पर निर्यात शुल्क 40 फीसदी से घटाकर 20 फीसदी करना शामिल है। खाद्य वस्तुओं के आयात संबंधी फैसले के तहत सरकार ने शून्य आयात शुल्क पर पीली मटर आयात की अवधि 31 सितंबर से बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दी है। इसके साथ-साथ कच्चे पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर प्रभावी आयात शुल्क 12.5 फीसदी से बढ़ाकर 32.5 फीसदी कर दिया है। रिफाइंड तेल पर प्रभावी आयात शुल्क अब 13.75 फीसदी से बढ़ाकर 35.75 फीसदी किया गया है। इसी तरह 2 सितंबर को केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कैबिनेट की मीटिंग में कृषि क्षेत्र से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। इसमें कृषि क्षेत्र के विकास की सात बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन पर कुल 14000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इनमें से 2,817 करोड़ रुपये डिजिटल कृषि मिशन के लिए दिए जाएंगे। वहीं, फसल विज्ञान पर 3,979 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कृषि शिक्षा और प्रबंधन को बेहतर करने के लिए 2,291 करोड़ रुपये के प्रोग्राम को मंजूरी दी गई। पशुधन के स्थायी स्वास्थ्य के लिए 1,702 करोड़ रुपये के प्लान को मंजूरी दी गई है। गौरतलब है कि कृषि अनुसंधान को बढ़ावा देने के अभियान के तहत पिछले दिनों 11 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) परिसर के खेतों में जाकर 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्में जारी करते हुए कहा कि इनसे देश में कम जमीन में अधिक पैदावार लेने और किसानों



की आय बढ़ाने में मदद मिल सकेगी। इससे महंगाई से भी बचाव होगा। किसानों को फायदा पहुंचाने के इन प्रयासों के साथ एक महत्वपूर्ण कार्य यह भी रेखांकित हो रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने जहां 18 जून को किसानों को 'पीएम किसान सम्मान निधि' की 17वीं किस्त जारी करने से जुड़ी फाइल पर हस्ताक्षर किए और कहा कि इससे 9.3 करोड़ किसानों को लाभ होगा, वहीं 19 जून को 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाने के लिए मंजूरी दी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024-25 के बजट के तहत किसानों के कल्याण और कृषि को विकास का इंजन बनाने की रणनीति के तहत किसानों के हित में कृषि व ग्रामीण क्षेत्र की क्षमता के दोहन के जो अभूतपूर्व कदम आगे बढ़ाए गए हैं, उनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकी जा सकेगी। निःसंदेह सरकार ने कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर ध्यान केंद्रित किया है। कृषि व ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इसी के मद्देनजर इन दिनों प्रकाशित हो रही वैश्विक आर्थिक संगठनों और वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की रिपोर्टों में भारत में कृषि सेक्टर में सुधार और ग्रामीण खपत में वृद्धि के मद्देनजर भारत की विकास दर के अनुमान बढ़ाए गए हैं। 3 सितंबर को विश्व बैंक के द्वारा जारी 'इंडिया डेवलपमेंट अपडेट' रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि क्षेत्र में सुधार व ग्रामीण मांग में तेजी के चलते भारत की विकास दर 7 फीसदी के स्तर पर पहुंचते हुए दिखाई देगी। इसमें कोई दोमत नहीं है कि सरकार को इस वर्ष जो बेहतर मानसून विरासत में मिला है, उससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था रफ्तार से बढ़ रही है।

बेहतर मानसून से ग्रामीण इलाकों में खपत बढ़ रही है। ऊंचे स्तर पर पहुंची महंगाई के स्तर में भी कमी आई है। 12 सितंबर को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई अगस्त 2024 में 3.65 फीसदी के स्तर पर आई है, जबकि जुलाई 2024 में खुदरा महंगाई दर 3.54 प्रतिशत थी। सुकूनदेह स्थिति यह है कि खुदरा महंगाई दर पिछले 5 वर्षों के सबसे कम और रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित 4 प्रतिशत के लक्ष्य से भी नीचे आ जाने से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती दिखाई दी है। ऐसे में इस बात के कयास लगाये जा रहे हैं कि रेपो रेट में कटौती कर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) महंगी ईएमआई के बोझ से राहत दे सकता है। आरबीआई के लिए राहत की बात ये भी है कि इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल के दाम भी दिसंबर 2021 के बाद सबसे निचले लेवल 70 डॉलर प्रति बैरल तक लुढ़क गए हैं। सरकार के सामने खाद्य वस्तुओं की महंगाई पर सतर्कता रखने के साथ-साथ घटी हुई कृषि विकास दर, गेहूं भंडारण में कमी, खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने तथा खाद्य उत्पादों की बर्बादी रोकने तथा किसानों के असंतोष का समाधान करने की चुनौतियां हैं। जहां वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर 8.2 फीसदी रही, वहीं कृषि विकास दर महज 1.4 फीसदी ही रही है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी जीडीपी में कृषि योगदान बढ़ाने की चुनौती दिखाई दे रही है। हम उम्मीद करें कि सरकार ने पिछले 100 दिनों में जिन योजनाओं की पहल की है, उनके लाभों और प्रयोगों के बारे में किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा। नई कृषि प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल, जलवायु अनुकूल कृषि-खाद्य प्रणाली अपनाएं जाने, अधिक ग्रामीण कच्ची सड़कों को मंडियों से जोड़ने, जैसी नीतिगत प्राथमिकताओं, आपूर्ति श्रृंखला में सुधार के साथ-साथ वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट के तहत कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़ी व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन की डगर पर लगातार आगे बढ़ा जाएगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?



संकलित

दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

## हे श्री कृष्णा! तुम सर्वज्ञ हो



संकलित

प्रेरणा

एक वृद्ध महिला एक सब्जी की दुकान पर जाती है, उसके पास सब्जी खरीदने के पैसे नहीं होते है। वो दुकानदार से प्रार्थना करती है कि उसे सब्जी उधार दे दे पर दुकानदार मना कर देता है। उसके बार-बार आग्रह करने पर दुकानदार खीज कर कहता है, तुम्हारे पास कुछ ऐसा है, जिसकी कोई कीमत हो, तो उसे इस तराजू पर रख दो, मैं उसके वजन के बराबर सब्जी तुम्हे दे दूंगा। वृद्ध महिला कुछ देर सोच में पड़ जाती है। क्योंकि उसके पास ऐसा कुछ भी नहीं था। कुछ देर सोचने के बाद वह, एक मुड़ा-तुड़ा कागज का टुकड़ा निकालती है और उस पर कुछ लिख कर तराजू पर रख देती है। दुकानदार ये देख कर हंसने लगता है। फिर भी वह थोड़ी सब्जी उठाकर तराजू पर रखता है।आश्चर्य..!!! कागज वाला पलड़ा नीचे रहता है और सब्जी वाला ऊपर उठ जाता है। इस तरह वो और सब्जी रखता जाता है पर कागज वाला पलड़ा नीचे नहीं होता। तंग आकर दुकानदार उस कागज को उठा कर पढता है और हैरान रह जाता है। कागज पर लिखा था, हे श्री कृष्ण! तुम सर्वज्ञ हो, अब सब कुछ तुम्हारे हाथ में है। दुकानदार को अपनी आँखों पर यकीन नहीं हो रहा था। वो उतनी सब्जी वृद्ध महिला को दे देता है। पास खड़ा एक अन्य ग्राहक दुकानदार को समझाता है, कि दोस्त, आश्चर्य मत करो। केवल श्री कृष्ण ही जानते हैं की प्रार्थना का क्या मोल होता है। वास्तव में प्रार्थना में बहुत शक्ति होती है। चाहे वो एक घंटे की हो या एक मिनट की। यदि सच्चे मन से की जाये, तो ईश्वर अवश्य सहायता करते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### एक साथ सारे चुनाव की बाधाएं

बेशक मोदी सरकार देश में एक साथ चुनाव व्यवस्था को लागू करने के लिए गंभीर है, लेकिन अबकी बार केंद्र में भाजपा की बहुमत की सरकार नहीं है, बल्कि गठबंधन की सरकार है। इसलिए मोदी सरकार के लिए एक साथ चुनाव का फैसला लेना भी मुश्किल हो सकता है। अगर एक साथ चुनाव से देश की चुनावी प्रक्रिया में कुछ सुधार होता है तो इस व्यवस्था का किसी को भी विरोध नहीं करना चाहिए। हर चुनाव में आमजन सरकारों को अलग-अलग नजरिए से देखता है, अर्थात आम चुनाव में केंद्र की और विधानसभा चुनाव में राज्य सरकार की नीतियों का विश्लेषण कर अपने वोट का प्रयोग करता है। एक साथ चुनाव ऐसे लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरेगा जो हर चुनाव में केंद्र और राज्य सरकार की अच्छी-बुरी नीतियों का विश्लेषण कर अपने कीमती वोटों का प्रयोग करते हैं। - *उमेश चौबे, धमतरी*

## ट्रेंड

### जनता-जनार्दन का शुक्रिया



जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बंपर वोटिंग ने पत्थरबाजी और दहशतगर्दी की हमदर्द पार्टियों को खारिज कर दिया है। यहां की अवाम को मोदी की सुरक्षित और समृद्ध जम्मू-कश्मीर की गारंटी पर पूर्ण विश्वास है। जनता-जनार्दन को तहेदिल से शुक्रिया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### ताजमहल की दुर्दशा



विश्वभर के पर्यटकों को आकर्षित करने वाले 'ताजमहल' के रख-रखाव को लेकर भाजपा सरकार व उसके सुषुप्त निष्क्रिय विभाग पूरी तरह से नाकाम हैं। मुख्य गुंबद से पानी टपक रहा है,परिसर बंदरों के लिए अभयारण्य बन गया है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### भारतीय पर्यटन गति पकड़े



भारतीय पर्यटक रिकॉर्ड संख्या में विदेश यात्रा कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि भारतीय पर्यटन भी गति पकड़े। अन्य देशों के पास पर्यटन अनुभवों की इतनी विविधता नहीं है, जितनी भारत के पास है।

-अनिल अग्रवाल, भारतीय उद्योगपति

### मेरे प्रशंसकों का धन्यवाद



मुझे इतना प्यार देने के लिए मेरे सभी प्रशंसकों को बहुत-बहुत धन्यवाद! पिछले 10 महीनों में दुनियाभर में बड़े शो और भव्य आयोजनों आदि के लिए यात्रा की इतने प्यार के लिए धन्य महसूस कर रही हूं।

- अमीषा पटेल, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

# कनाडा छात्रों के अध्ययन परमिट में करेगा कटौती

कनाडा ने अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए 'अध्ययन परमिट' में कटौती करने का ऐलान किया है जिससे बहुत से भारतीय नागरिकों के प्रभावित होने की आशंका है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार देर रात 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'हम इस साल 35 फीसदी कम अंतरराष्ट्रीय छात्र परमिट जारी कर रहे हैं तथा अगले साल इसमें 10 फीसदी और कमी की जाएगी।' उन्होंने कहा, 'आव्रजन हमारी अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद है, लेकिन जब खराब तत्व व्यवस्था का दुरुपयोग करते हैं और छात्रों का फायदा उठाते हैं, तो हम कार्रवाई करते हैं।' यह कदम तब उठाया गया है जब कनाडा सरकार अस्थायी निवासियों की संख्या कम करने पर विचार कर रही है। कनाडा भारतीय विद्यार्थियों के लिए सबसे पसंदीदा गंतव्यों में से एक है। ट्रूडो की घोषणा से कनाडा में पढ़ने की इच्छा रखने वाले कई भारतीय छात्रों पर असर पड़ने की संभावना है। ओटावा में भारतीय उच्चायोग की वेबसाइट के अनुसार, शिक्षा भारत और कनाडा के बीच पारस्परिक हित का एक प्रमुख क्षेत्र है। भारत विदेशी छात्रों का सबसे बड़ा स्रोत है और अनुमानित तौर पर 4,27,000 भारतीय विद्यार्थी कनाडा में पढ़ रहे हैं।



## ऑफ बीट

# एआई से बनने वाली तस्वीरों को लेकर चिंतित कलाकार

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कला के क्षेत्र में किया जाना कोई नई बात नहीं है। यह एआई जितना ही पुराना है। इसमें नया पहलू यह है कि कई नए तरीके के उपकरण (टूल) आने से 'टेक्स्ट प्रॉम्प्ट' (संकेत के लिए कोई शब्द या वाक्य लिखना) के जरिए अधिकतर लोग तस्वीरें बना रहे हैं। इसके लिए आपको बस एक 'टेक्स्ट बॉक्स' में लिखना है 'वैन गॉग (डच चित्रकार) की शैली का एक परिदृश्य' और एआई इसके अनुसार एक सुंदर तस्वीर पेश कर देगा। इस तकनीक का बेहतर इस्तेमाल मानव भाषा के सही इस्तेमाल में निहित है... लेकिन क्या ये प्रणालियां किसी कलाकार के दृष्टिकोण को सटीक रूप दे सकती हैं? अगर आप आम उपयोगकर्ता हैं तो आपको एआई द्वारा बनाई गई हर तस्वीर अच्छी लगेगी। स्टार्टअप और निवेशकों ने इस तकनीक में अरबों का निवेश किया है। इसे लेखों, वीडियो गेम पात्रों और विज्ञापनों के लिए 'ग्राफिक्स' बनाने का एक आसान तरीका माना जाता है। इसके विपरीत एक कलाकार को एक उच्च गुणवत्ता वाली छवि बनाने के लिए बड़ा निबंध जैसा संदेश लिखने की जरूरत हो सकती है, जिससे की छवि की रचना और उसका रूप उनके दृष्टिकोण के अनुरूप हो। लंबा संदेश आवश्यक रूप से छवि का वर्णन करने वाला हो ऐसा जरूर नहीं है।



### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# आयरनमैन 70.3 रेस को किया पूरा

**मुंबई।** सैयामी खेर ने कई भारतीय फिल्मों में शानदार अभिनय किया है। बड़े पर्दे पर चुनौतीपूर्ण किरदार निभाने वाली सैयामी ने साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म 'मिर्जिया' से हिंदी फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत की थी।



सैयामी 'अग्नि' में एक अग्निशमन दस्ता के सदस्य की भूमिका में नजर आई थीं। इसमें उन्होंने कुछ खतरनाक स्टंट भी किए थे। 'घूमर' में भी पैराप्लेजिक किरदार की अपनी भूमिका से सभी का दिल जीता। अब कई महीनों के गहन प्रशिक्षण के बाद आयरनमैन ट्रायथलॉन 2024 को सैयामी खेर ने सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। सैयामी ने बर्लिन में आयरनमैन दौड़ में भाग लिया था। सैयामी ने 15 सितंबर को आयोजित आयरनमैन 70.3 रेस को पूरा कर लिया है। इस ट्रायथलॉन में दौड़, तैराकी, साइकिलिंग शामिल होता है। इन सभी को मिलाकर कुल 113 किमी दूरी तय करनी होती है। बता दें सैयामी इसके लिए काफी दिनों से मेहनत कर रही थीं। सैयामी फिल्मों की शूटिंग के साथ समय निकालकर इस ड्रीम को पूरा करने की जीतोड़ कोशिश करती रहीं। आखिरकार, उनकी मेहनत रंग लाई और उन्होंने ये मुकाम हासिल कर लिया। सैयमी ऐसी पहली भारतीय अभिनेत्री हैं, जिन्होंने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में आयरनमैन 70.3 को पूरा किया है।

# 'हनीमून फोटोग्राफर' का ट्रेलर रिलीज

*नई दिल्ली। आशा नेगी की नई सीरीज 'हनीमून फोटोग्राफर' का ट्रेलर रिलीज होते ही चर्चा में छा गया है। यह एक मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज है, जो 27 सितंबर को जियो सिनेमा पर स्ट्रीम की जाएगी। टीवी सीरियल्स में गर्ल नेक्स्ट डोर वाले रोल करने वालीं एक्ट्रेस आशा नेगी अब एक नई वेब सीरीज में नजर आएंगी, जोकि एक रोंगटे खड़े कर देने वाली मर्डर मिस्ट्री है। इस सीरीज का नाम 'हनीमून फोटोग्राफर' है, जिसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। हाल ही मेकर्स ने इसका ट्रेलर रिलीज किया, जिसे देख फैंस भी हैरान रह गए। आशा नेगी एकदम अलग और चौंकाने वाले अवतार में नजर आ रही हैं। हनीमून फोटोग्राफर' की कहानी में तब ट्विस्ट आता है, जब हनीमून के लिए गया एक दूल्हा बीच पर मरा पाया जाता है। इससे सनसनी मच जाती है।*



*सीरीज में आशा नेगी ने अंबिका नाथ का किरदार निभाया है, जो न्यूली वेड बिजनेसमैन अधीर और जोया ईरानी के लिए हनीमून की तस्वीरें लेती हैं। जब समंदर के किनारे अधीर की लाश मिलती है, तो तहलका मच जाता है।' चूंकि, अंबिका को याद नहीं आता कि पिछली रात क्या हुआ था, इसलिए अब वह इस मर्डर के मुख्य संदिग्ध है, क्योंकि जिस शख्स को वह डेट करती थी, यानी रिहान, वह गायब है। 'हनीमून फोटोग्राफर' में राजीव सिद्धार्थ ने रिहान का किरदार निभाया है, जबकि जेसन थाम ने एल्विन का रोल प्ले किया है। वह अंबिका का दोस्त है और अपनी बेगुनाही साबित करने की कोशिश में उसका एकमात्र सहयोगी है।*

## शिल्पा खुली जुल्फों में लग रही थीं बला की हसीन

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी के हर अंदाज के फैंस दीवाने हैं। एक्ट्रेस अपने स्टाइलिश लुक से हमेशा बिजलियां गिराती रहती हैं। फिलहाल शिल्पा की एयरोपोर्ट से लेटेस्ट तस्वीरें वायरल हो रही हैं। शिल्पा शेट्टी बॉलीवुड की फिटनेस क्वीन हैं। एक्ट्रेस काफी स्टाइलिश भी हैं और



अक्सर फैशन गोल सेट करती रहती हैं। गुरुवार की सुबह भी शिल्पा शेट्टी काफी स्टनिंग लुक में एयरपोर्ट पर स्पॉट हुईं। एक्ट्रेस इस दौरान बेज कलर का पैंट सूट पहने काफी स्टाइलिश लग रही थीं। शिल्पा ने आंखों पर काला चश्मा लगाया हुआ था और मिनिमल मेकअप किया हुआ था। एक्ट्रेस खुली जुल्फों में बला की हसीन लग रही थीं। उसने अपने एयरपोर्ट लुक को ब्लैक कलर के हैंडबैग और हाई हिल्स के साथ कंप्लीट किया था।

# 'ताल' 25 साल बाद हो रही है रि-रिलीज...

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय की सुपरहिट फिल्म 'ताल' 25 साल बाद रि-रिलीज हो रही है। हाल ही इस फिल्म ने सिल्वर जुबली मनाई और इसे सेलिब्रेट करने के लिए 'ताल' को थिएटर्स में दोबारा 27 सितंबर को रि-रिलीज किया जा रहा है। साल 1999 में रिलीज हुई 'ताल' में अनिल कपूर, ऐश्वर्या राय और अक्षय खन्ना नजर आए थे। पिछले कुछ समय से थिएटर्स में पुरानी और क्लासिक हिट फिल्मों को दोबारा रिलीज किया जा रहा है। ऐसा इसलिए ताकि दर्शक थिएटर्स में वापसी करें और उन्हें भी फायदा हो। अब तक 'रहना है तेरे दिल में', 'लैला मजनू', 'लव आजकल', 'रॉकस्टार', 'पार्टनर' 'राजा बाबू' और 'तुम्बाड़' जैसी फिल्में थिएटर्स में रि-रिलीज हो चुकी हैं। अब नया नाम फिल्म 'ताल' का जुड़ा है।

***'ताल' ने 1999 में की थी इतनी कमाई :*** यह फिल्म तब थिएटर्स में 70 दिनों



तक चली थी। इसने तब यानी 1999 में बॉक्स ऑफिस पर देशभर में 22.16 करोड़ और वर्ल्डवाइड 50.07 करोड़ रुपये कमाए थे। अभी तक जितनी भी पुरानी फिल्में दोबारा रिलीज हुई हैं, उन सभी ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की है। दर्शकों का भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। ऐसे में उम्मीद है कि 'ताल' भी अच्छी कमाई कर सकती है। 'ताल' को सिर्फ थिएटर्स में ही नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर भी देख सकते हैं।

# 15 नवंबर को रिलीज होगी 'द साबरमती रिपोर्ट'

**नई दिल्ली।** विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी फिल्म सेक्टर 36 की वजह से चर्चा में हैं। हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म में उनके किरदार ने लोगों को हैरान करके रख दिया है। इस फिल्म के बाद वह जल्द ही द साबरमती रिपोर्ट नाम की फिल्म में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। कई बार स्थगित होने के बाद अब आखिरकार द साबरमती रिपोर्ट को नई रिलीज डेट मिल गई है। गुरुवार को विक्रांत ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का एक नया पोस्टर जारी करते हुए रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठा दिया। इस पोस्ट के मुताबिक उनकी यह फिल्म 15 नवंबर को सिनमाघरों में दस्तक देगी। उन्होंने कैप्शन में लिखा, '15 नवंबर को ज्वलंत सच्चाई सामने आ जाएगी...देखते रहिए।' फिल्म में विक्रांत एक स्थानीय पत्रकार समर कुमार की भूमिका निभाएंगे।




# 35 साल पहले रिलीज हुई वो फिल्म, जिसने पार लगाई थी यशराज फिल्म्स की डूबती नैया

*नई दिल्ली। 35 साल पहले बॉलीवुड की एक फिल्म रिलीज की गई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी खासी कमाई की थी। इसने यशराज फिल्म्स की डूबती नैया को बचा लिया था। इसे सबने ठुकरा दिया था लेकिन, बाजी श्रीदेवी ने मार ली थी। 90 के दशक में एक से बढ़कर एक फिल्मों को रिलीज किया गया था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर कमाल का प्रदर्शन किया। इन मूवीज को आज भी याद किया जाता है फिर चाहे वो 'वीर जारा'हो या फिर 'दिल तो पागल है। इसमें कई फिल्में रही हैं, जिनका निर्माण यश राज के प्रोडक्शन के बैनर तले किया गया। यश चोपड़ा ने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया। इसी में से एक 'चांदनी' भी थी, जिसने यशराज फिल्म्स की डूबती नैया को बचाया था। इसमें एक्ट्रेस श्रीदेवी ने ऋषि कपूर के साथ लीड रोल प्ले किया था। फिल्म के गाने तक खूब पॉपुलर हुए थे।*



दरअसल, फिल्म 'चांदनी'की रिलीज को 35 साल पूरे हो गए हैं। फिल्म को 14 सितंबर, 1989 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। मूवी ने उस साल ताबड़तोड़ कलेक्शन किया। फिल्म ने अपनी कमाई के आंकड़ों से हैरान कर दिया था। उस समय 8-10 करोड़ कमाना बहुत बड़ी बात होती थी। ये फिल्म यश चोपड़ा के लिए एक नई शुरुआत लेकर आई थी। इसके बाद उन्होंने आदित्य चोपड़ा के साथ कई हिट फिल्मों में काम किया था। इसलिए कहा जाता है कि 'चांदनी'ने यश चोपड़ा की डूबती नैया बचाई थी।

## श्रीदेवी ने अपनी शर्तों पर किया काम

90 के दशक की हिट फिल्म 'चांदनी' के लिए मेकर्स की पहली पसंद श्रीदेवी नहीं थीं। इसके लिए पहले रेखा को अप्रोच किया गया था। लेकिन, किन्हीं कारणों की वजह से उन्होंने इसे करने से मना कर दिया। इसके बाद ये जूही चावला और माधुरी दीक्षित जैसी एक्ट्रेस को भी ऑफर हुई लेकिन, उन्होंने भी इसे ठुकरा दिया था, जिसका बाद फिल्म श्रीदेवी की झोली में आ गिरी। यश चोपड़ा ने अपने इंटरव्यू में शाहरुख खान से एक बात और शेयर की थी, जो कि फिल्म 'चांदनी' में श्रीदेवी से ही जुड़ी थी। उन्होंने बताया था कि श्रीदेवी इस फिल्म को करने के लिए मान तो गई थीं लेकिन, उन्होंने शर्त रखी थी कि अगर ये फिल्म हिट होगी तो ही वो इसके लिए फीस लेंगी, वरना काम फ्री में करेंगी। हालांकि, फिल्म हिट रही और श्रीदेवी को हिंदी सिनेमा की पहली महिला सुपरस्टार के रूप में पहचान मिली।

# राजकुमार की ठुकराई फिल्म ने बदली धर्मेंद्र की किस्मत...

**नई दिल्ली।** सदाबहार फिल्म पाकीजा, सौदागर, तिरंगा और नील कमल में अपने अभिनय का दम दिखाने वाले बॉलीवुड के स्टाइल किंग कहे जाने वाले एक्टर राज कुमार अपने अनोखे और हटके अंदाज के लिए जाने जाते थे। गले पर हाथ मलते हुए राज कुमार जब 'जानी..' कहते तो थियेटर तालियों से गूंज उठता था। राज कुमार अपनी स्टाइल के साथ ही अपने बड़बोलेपन और हाजिर जवाबी के लिए भी मशहूर थे। वह अपनी हाजिर जवाबी से बड़े बड़ों का मुंह बंद कर देते थे। ऐसे तो उनके जुड़े कई किस्से हैं, लेकिन निर्माता-निर्देशक रामानंद सागर के साथ उनका किस्सा ऐसा है जिसे जान उनके फैंस हैरान रह जाएंगे।

## इस सुपरहिट फिल्म को कर दिया रिजेक्ट

साल 1968 में आई फिल्म आंखें धर्मेंद्र के करियर की सफल फिल्मों में शामिल है, लेकिन इस फिल्म लिए पहले रामानंद



सागर अपने दोस्त राज कुमार को साइन करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने फिल्म की कहानी भी राज कुमार को सुनाई, लेकिन शायद उन्हें फिल्म की स्क्रिप्ट कुछ खास पसंद नहीं आई। ऐसा कहा जाता है कि राज कुमार ने अपने पालतू कुत्ते को बुलाया और उसके सामने फिल्म की कहानी सुनाने लगे और पूछा कि क्या तुम ये फिल्म करोगे? फिर राजकुमार ने रामानंद सागर से कहा कि देखो मेरा कुत्ता भी इस फिल्म में काम नहीं करना चाहता।



## जैकेट के शेष

### जनदर्शन में इलाज ....

एक समस्या का निदान होता है, तो दूसरी नई आ जाती है। जनदर्शन में मुख्यमंत्री से जशपुर जिले के ग्राम कदेलकछार निवासी विनोद कुमार लकड़ा ने मुलाकात कर जूनाडीह से बरकानी सड़क निर्माण का मामला लंबित होने की जानकारी देने के साथ ही सड़क निर्माण शुरू कराए जाने का आग्रह किया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्राम माल्दी के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से गांव के जलाशय क्षेत्र को अतिक्रमण से बचाने तथा इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। मुख्यमंत्री ने इस मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई का भरोसा ग्रामीणों को दिलाया। बिलाईगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक की अनुपस्थिति और इलाज के नाम पर खानापूर्ति किए जाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को कार्रवाई के निर्देश दिए।

### मुझे आगे बहुत ....

आपने कई साल लगाए, उसके खिलाफ चुनाव लड़ते हुए मन कितना छटपटा रहा होगा।

- आपकी बात बिल्कुल सही है कि मैं अपने जीवन में पहली बार कांग्रेस शब्द से दूर हुआ हूं। जब दूर हुआ था तो उससे पहले सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर फैसला किया था कि अब जाएंगे तो वापस कांग्रेस में नहीं आना। या तो जाओ या वापस मत आओ। आपकी बात सच है कि एक बार कांग्रेस शब्द से दूर होना एक पीड़ा हुई थी क्योंकि हमने उम्र भर कांग्रेस में रहकर प्रदेश के लिए बहुत कुछ किया। जब हमने देखा कि कांग्रेस अपनी आइडियोलॉजी से भटक गई है और पार्टी में चाटुकारिता और भ्रष्टाचार को तवज्जो दी जा रही है तो हमने फैसला किया कि अब ऐसी पार्टी में चलें जो देश के बारे में सोचती है और देश को विश्व गुरु बनाने का संकल्प रखती है।
- **तो आपने इसलिए पार्टी बदल दी, लेकिन जिस पार्टी में आए वह कितनी भारी है ?**
- निश्चित रूप से यह पार्टी बहुत भारी है। मेरी पार्टी ने मुझे बहुत मान सम्मान दिया है। पहले राजस्थान में मुझे प्रभारी बनाया फिर हरियाणा में भी दो-दो कमेटियों का संयोजक बनाया गया। जिस कोर कमेटी में नड्डा साहब भी हैं उसका मुझे मेंबर बनाया गया। मेरे बेटे को टिकट दी। मेरे कहने से कई कैंडिडेट्स को टिकट दी गई। मुझे यहां पूरा मान सम्मान मिल रहा है और आगे बहुत कुछ मिलने वाला है।
- **कुलदीप बिश्नोई को लोग सीएम लेवल पर देखते थे। आज ये ऐसी पार्टी में आ गए जहां जनप्रतिनिधि बनने के भी लाले पड़ गए, फिर भी आप बड़े खुश लग रहे हैं। भविष्य में ऐसी क्या उम्मीद है आपको ?**
- बिल्कुल लाले नहीं पड़े हैं। मुझे पार्टी जबरदस्त सम्मान दे रही है। जहां तक मुख्यमंत्री की बात है तो लोग चाहते हैं कि मैं प्रदेश का मुख्यमंत्री बनूं, लेकिन नायब सैनी जी हमारे कैंडिडेट हैं और हम उनको मुख्यमंत्री बनाएंगे। अब भविष्य में ईश्वर क्या चाहता है यह तो वही जाने।
- **पहले पार्टी आपको सांसद बनने का मौका भी देने को भी तैयार नहीं थी। वह बाहर से रणजीत चौटाला जी को लेकर आई। उनके साथ पता नहीं आपने क्या किया कि उन्होंने आपके खिलाफ बड़े पर्चे फाड़े।**
- रणजीत चौटाला जी को हिसार से उतारा गया जिसे मैं व्यक्तिगत रूप से गलत मानता हूं। एक ऐसे आउटसाइडर को हिसार में लाना जिसको कोई हवा भी नहीं थी, ठीक कदम नहीं था। इसका पार्टी को हिसार और सिरसा लोकसभा क्षेत्र में नुकसान हुआ।
- **आपने रणजीत चौटाला जी के साथ ऐसा क्या किया कि जिससे वे आपसे बहुत नाराज रहे?**
- मैं बिल्कुल भी नाराज नहीं था
- **लेकिन रणजीत चौटाला आपसे बहुत नाराज थे।**
- मुझे ध्यान नहीं है कि वे इतने नाराज थे। मेरी तो चुनाव के बाद भी उनसे कई बार बात हुई है। मेरे पिताजी ने उनके लिए मन से काम किया लेकिन उस समय लोगों का मन बदल चुका था। एक तो टिकट गलत दी गई और दूसरा चौधरी भजनलाल जी पर अभद्र टिप्पणियां की गई। हमने लोगों को समझाने का बड़ा प्रयास किया लेकिन हर घर में तो कुलदीप बिश्नोई पहुंच नहीं सकता।
- **कुलदीप बिश्नोई के साथ यह खेल कैसे हुआ कि उनके कारण लोग राज्यसभा में पहुंच गए। जब कुलदीप बिश्नोई के संसद में पहुंचने का मौका आया तो बाहर से एक व्यक्ति को लाकर टिकट पकड़ा दिया गया। फिर भी कुलदीप बिश्नोई नाराज नहीं दिखाई दिए। कांग्रेस में लोग बड़े नाराज हो जाते हैं, भाजपा में लोग नाराज होने से डरते क्यों हैं ?**
- देखिए, भारतीय जनता पार्टी हर काम सलाह मशविरा करके करती है। मेरी बीजेपी से कोई नाराजगी नहीं है। कांग्रेस पार्टी ने मुझसे कुछ वायदे किए थे विशेषकर राहुल गांधी ने। जब मुझसे वायदाखिलाफी की गई तो मैं टूट गया। मैं बड़ा भावुक किस्म का आदमी हूं। पहले सिद्धांत के बारे में सोचता हूं, उसके बाद अच्छे बुरे के बारे में सोचता हूं। जो वायदे राहुल गांधी जी ने मुझे किए थे जब वे पूरे नहीं हुई तो मेरे कार्यकर्ताओं को ठेस पहुंची। मुझे भी ठेस पहुंची।
- **राहुल गांधी बेईमान हो गए थे या प्रदेश में ऐसे लोग थे जिन्होंने राहुल गांधी को वायदे पूरे नहीं करने दिए ?**
- इसका जवाब तो राहुल गांधी दे सकते है।
- **कुलदीप बिश्नोई इतने अनजान कब से होने लगे कि उन्हें पता ही नहीं चला राहुल गांधी जवाब दे सकते हैं?**
- इसका जवाब तो राहुल जी ही दे पाएंगे लेकिन यह तय था कि उन्हें वायदे पूरे करने चाहिए थे। आखिरकार फाइनल डिसीजन तो राहुल जी का ही था। उन्हें मुझसे किए गए वायदे पूरे करने चाहिए थे।
- **कुलदीप बिश्नोई भी अपने पिता जी की विरासत छोड़कर भाजपा में आ गए। किरण चौधरी भी बंसी लाल की विरासत को छोड़कर भाजपा में आ गईं। भूपेंद्र हुड्डा के लिए इतना बड़ा कालीन क्यों बिछा दिया आप लोगों ने?**
- भूपेंद्र सिंह हुड्डा जी को हम इस इलेक्शन में दिखाएंगे कि भारतीय जनता पार्टी क्या है। यह कांग्रेस पार्टी का गलत फैसला है कि किसी एक व्यक्ति को सब कुछ सौंप दिया जाए। कांग्रेस में चौधरी भजनलाल जी सर्वेसर्वा थे लेकिन उस समय इंदिरा जी और राजीव जी के समय में कोई एकछत्र नेता नहीं बना। ये बड़ी अच्छी बैलेंसिंग किया करते थे लेकिन राहुल गांधी ने इस सिस्टम को बिगाड़ दिया।
- **आपको नहीं लगता कि यदि आप कांग्रेस में बने रहते और किरण जी भी कांग्रेस में बनी रहतीं तो भूपेंद्र हुड्डा को थोड़ा ज्यादा परेशान कर लेते। भूपेंद्र हुड्डा जी की तो बड़ी मदद कर दी आप लोगों ने कांग्रेस से बाहर जाकर।**
- हम इस बार खुद भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर दिखाएंगे।
- **वह तो ठीक है, कांग्रेस में हुड्डा की एकतरफा चलने के बारे में आप क्या कहना चाहेंगे ?**
- यदि एकतरफा चल रही है तो कांग्रेस वाले जवाब देंगे। इसका जवाब सैलजा जी दें और हुड्डा जी दें। लेकिन यह तय कि हम इन्हें इलेक्शन में रगड़ेंगे।
- **क्या सैलजा और सुरजेवाला आपकी कमी को यहां पूरा कर पा रहे हैं या कुल मिलाकर एकमात्र हुड्डा जी के लिए खाली मैदान छोड़ दिया गया है।**
- यह तो आप बताएंगे या सैलजा जी और हुड्डा जी बताएंगे।
- **फिर कुलदीप बिश्नोई जी क्या बताएंगे?**
- मैं तो बीजेपी या जनता का बता सकता हूं इस बार जनता का मन है कि हम सरकार बनाएंगे।
- **बीजेपी बहुत अच्छी पार्टी है। बीजेपी में साढ़े 9 साल से मनोहर लाल खट्टर जी मुख्यमंत्री थे। लोकसभा चुनाव से पहले खट्टर जी दिल्ली भेज दिए गए। यह फैसला सही था या गलत ?**
- बीजेपी में मैंने एक पॉलिसी देखी है जो कांग्रेस में नहीं है। सबसे बड़ी क्वालिटी यह है कि यह पार्टी हर चीज का तर्क देखकर फैसला करती है, टिकटों का बंटवारा भी इसी के अनुरूप किया गया है। कांग्रेस में देखा जाता है कि मेरे कितने आदमी हैं। हम भी कह देते थे कि मेरे 10 आदमी हैं तो 6 या 7 को टिकट दे दो। बीजेपी में ऐसा नहीं है। यदि मैं यहां कहूं कि मेरे 10 आदमी हैं तो पार्टी सर्वे के अलावा सभी चीजों को देखकर फैसला करती है। सच्चाई यह है कि भारतीय जनता पार्टी में आपकी वॉइस की वैल्यू है। दूसरी सबसे बड़ी बात है कि यह पार्टी मेरिट के आधार पर काम करती है। कुलदीप बिश्नोई बड़ा लीडर होगा लेकिन पार्टी सब कुछ देखकर ही निर्णय लेती है।

### तिरुपति मंदिर के...

नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड की रिपोर्ट में तिरुपति मंदिर के लड्डू और अन्नदानम के सैंपल की जांच में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। दूसरी तरफ तिरुपति मंदिर में प्रसाद के तौर पर दिए जाने लड्डू को लेकर आंध्र प्रदेश में सियासी तूफान उठ खड़ा हुआ है। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने वाईएस जगन मोहन रेड्डी को घेरते हुए आरोप लगाया कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने तिरुमला में तिरुपति लड्डू प्रसादम तैयार करने के लिए घी की जगह जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया। यह प्रसाद भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में आने वाले करोड़ों भक्तों को दिया जाता है। सीएम नायडू ने आरोप लगाते हुए कहा कि तिरुमला के लड्डू भी घटिया सामग्री से बनाए गए थे।

### नायडू बोले-अब...

वाईएसआरसीपी सरकार भक्तों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान नहीं कर सकी। नारा लोकेश ने लिखा कि तिरुमला में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर हमारा सबसे पवित्र मंदिर है। मैं यह जानकर हैरान हूं कि जगन प्रशासन ने तिरुपति प्रसादम में घी की जगह जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया। जगन और वाईएसआरसीपी सरकार पर शर्म आती है, जो करोड़ों भक्तों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान नहीं कर सके।

## पेज एक के शेष

### गृहमंत्री पहुंचे पीड़ित...

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार पीड़ति को न्याय दिलाएगी। इधर, साहू समाज व परिजनों का कहना है कि यह कार्रवाई सिर्फ दिखावे की है। उन्होंने मामले की न्यायिक जांच कराए जाने तथा मामले के सभी जिम्मेदारों की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### कांग्रेस ने किया...

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री शिव डहरिया, विधायक डोंगरगढ़ भोलाराम साहू, विधायक यशोदा जंघेल ने एक प्रेसवार्ता आयोजित कर इस बात की जानकारी दी है। कांग्रेस ने इस मामले को लेकर 21 सितम्बर को प्रदेश बंद का आह्वान किया है।

### पुलिस हिरासत में आंध्र...

समय से जादू टोना का संदेह तो रहा ही, वहीं अंदर ही अंदर ग्रामीणों में आक्रोश भी पनप रहा था। एक निश्चित दिन मंगलवार को लगातार हो रही मौत के विषय में आक्रोशित ग्रामीणों ने पड़ोसी प्रांत के झाड़ फूंक करने वाले तांत्रिक (वड्डे) से संपर्क साधा और उनके यह कहने पर की गांव में जितने भी बच्चों से लेकर अन्य लोगों की मौतें हो रही है, उसके जिम्मेदार मौसम परिवार है जो जादू टोना करता है। पुलिस जादू टोना के विषय को लेकर लगातार पूछताछ करती रही और आखिरकार दोनों तांत्रिक को पूछताछ के लिए लाया गया।

**इनकी हुई गिरफ्तारी** : हत्याकांड में पुलिस ने गुरूवार को 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पूर्व में 1 महिला सहित 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इस निर्मम हत्याकांड में भारतीय न्याय संहिता छग धारा 4, 5 टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आज प्रकरण की विवेचना में चश्मदीद गवाह स्वतंत्र साक्षी एवं आरोपियों के मेमोरेण्डम के आधार पर घटना में शामिल अन्य 2 महिला, 2 तांत्रिक (वड्डे) सहित 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष पेश किया गया। एएसपी अकाश राव ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस मामले में आज, कीकरा रमेश पिता कीकरा राजू (33), निवासी पल्लूरू कुणावरम जिला अल्लुरी सीतारामा राजू आंध्रप्रदेश, सुन्नम रामा पिता स्व. सुन्नम चंद्रा (55), कोंडापल्ली मोटू मलकानगिरी ओड़िशा, सलवम किट्टा स्व. सलवाम गुंडा (61), इतकल, कारम सुब्बा पिता स्व. कारम तमैंया (49) इतकल, सलवम शांकरू पिता स्व. सलवम मुत्ता (35) इतकल, पोड़ियिम रोजा पति पोड़ियाम संतोष (24) इतकल तथा नुप्पो रामे पति नुप्पो जैलू (40) इतकल थाना कोंटा को गिरफ्तार किया गया है। घटना में शामिल अब तक 3 महिला सहित कुल 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। **सीधे-साधे ग्रामीण क्यों हो रहे हिंसक** : नक्सल प्रभावित अतिसंवेदनशील क्षेत्र में सुकमा जिला शामिल है। उसमें सर्वाधिक प्रभावित कोंटा ब्लाक है। एतकल गांव के ग्राम पंचायत बंडा भी नक्सल दृष्टि से संवेदनशील पंचायत है। सलवा जुडूम के पहले इस गांव के बड़ी संख्या में युवाओं को नक्सलियों का समर्थक माना गया है। ऐसे में सीधे साधे ग्रामीणों का अचानक हिंसक हो जाना कई तरह के सवाल पैदा कर रहा है। पुलिस के साथ-साथ जिला प्रशासन और राजनीतिक दलों के लिए भी यह सोचनीय विषय है। एक छोटे से गांव में मिलजुल कर रहने वाले अचानक उग्र होकर लाठी, डंडों की बारिश करते 5 लोगों को मौत की नींद सुला देना इस क्षेत्र के लिए साधारण वाक्या नहीं है। इस पर पुलिस जांच कर रही है।

### हथियार छोड़ो, नहीं तो...

मेरे लिए सबसे अनमोल क्षण है। उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि नक्सलवाद को साल, डेढ़ साल में हमारी सरकार पूरी तरह खत्म करने को लेकर दृढ़ प्रतिज्ञा है, इसलिए जैसे कश्मीर में लोग हथियार छोड़ कर मूलधारा में शामिल हो रहे हैं वहाँ शांति स्थापित हो रही है वैसे ही नक्सली भी हथियार छोड़ें, कानून का साथ दें, मूलधारा में शामिल हों। अमित शाह ने मौके पर मौजूद छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय के कामकाज की सराहना करते हुए आदिवासी परिवारों से कहा, राज्य और केंद्र की सरकार मिलकर नक्सली गतिविधि छोड़कर कानून का साथ देने वाले सभी भाई, बहनो के पुनर्वास में सहायता उपलब्ध कराया जाएगा।

**मुख्यमंत्री साय और राज्य सरकार का योगदान** : नक्सल पीड़ितों ने बताया कि वे छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यों से प्रभावित होकर अपनी बात दिल्ली तक लाने का साहस कर पाए हैं। राज्य सरकार ने जिस तरह से बस्तर और अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों और सुरक्षा प्रयासों को प्राथमिकता दी है, उसने इन लोगों को यह हिम्मत दी कि वे अपनी आवाज़ दिल्ली में उठाएँ। छत्तीसगढ़ सरकार की संवेदनशीलता और सक्रियता से प्रभावित होकर, पीड़ितों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में जिस प्रकार से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और पुनर्वास के लिए काम किया गया है, वह काबिल-ए-तारीफ है।

### 21 को मिलेंगे...

मांग की जाएगी। इस मुलाकात के बाद नक्सल पीड़ितों में एक नई उम्मीद जागी है कि उनके संघर्ष और पीड़ा को अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचाना जाएगा। सरकार उनके पुनर्वास के लिए ठोस कदम उठाएगी, जिससे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास का नया अध्याय शुरू होगा।

### जंतर-मंतर पर ...

सरकार के प्रयासों और विकास कार्यों से प्रेरित होकर अपनी आवाज़ दिल्ली तक पहुंचाने का साहस किया है। अब हमें उम्मीद है कि हमारे गाँवों में स्थायी शांति आएगी और हम अपने जीवन को फिर से सुधार पाएंगे।

---

## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती अल्का कटियार, पति श्री सुरजीत कुमार निवासी गंगा नगर, फर्रुखाबाद (उ.प्र.) से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार सूचित किया जाता है मेरे पक्षकार एवं सुरजीत सिंह पिता राम सिंह के मध्य एक इकरारनामा दिनांक 08.11.2023 को निष्पादित किया गया था जिसमें मौजा परसट्ठी प.ह.नं 18, रा.नि.मं केन्द्री, तह. अभनपुर जिला - रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 323/2, रकबा 0.410 हेक्टे. 324/3 रकबा 0.060 हेक्टे. ख.नं 324/4 रकबा 0.030 हेक्टे एवं 334/3 रकबा 0.070 हेक्टे. कुल खसरा 4 कुल रकबा 0.570 हेक्टे भूमि को सम्पूर्ण प्रतिफल राशि प्राप्त कर इकरारनामा निष्पादित किया था और उक्त भूमि का कब्जा भी मेरे पक्षकार को प्रदान कर दिया है परन्तु दिनांक 08.01.2024 को सुरजीत सिंह की मृत्यु हो चुकी है उसकी मृत्यु पश्चात उनके वैधिक वारिसान उनकी पत्नि विनीता पति स्व. सुरजीत सिंह नाबालिग मयंक नाबालिग वैष्णवी पिता स्व. सुरजीत सिंह निवासी कुवेरपुर फरुर्खाबाद, कैमगंज उ.प्र. द्वारा उक्त भूमि को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है जिसे कोई भी व्यक्ति क्रय न करें क्योकि उक्त संपत्ति में विवाद की स्थिति निर्मित होगी और मृत्यु के पूर्व सुरजीत सिंह ने उक्त संपत्ति को विक्रय कर संपूर्ण प्रतिफल राशि प्राप्त कर चूका है।

सो सूचना जाने व पालन करें।

स्थान - रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 19.09.2024

**बी.आर. बारिक (अधिवक्ता)**
**छत्तीसगढ़ नगर, टिकरापारा रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 87705-77323**

---

## छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग
### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र.-3 माचाडोली जिला-कोरबा (छ.ग.)

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
Procurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 158525 निविदा सूचना क्र. 10/व.ले.लि./ ई प्रोक्युरमेंट / 2024-25, दि. 18-09-2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 09-10-2024 समय 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है-

**कार्य का नाम** - हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत मिनीमाता बांगो बांध के मेसनरी बांध के बांये और दांये तट पर अपस्ट्रीम संरक्षण कार्य का निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत - रु. 1080.52 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 25-09-2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोट:** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

अन्य निविदा संबंधी शर्ते विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**कार्यपालन अभियंता**
**मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र. 3**
**माचाडोली जिला-कोरबा (छ.ग.)**

G-242502595/5

---

## कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी जिला रायपुर

**// दावा-आपत्ति //**




1. बच्चे का नाम :- बालिका रूपा (अज्ञात)
2. बच्चे का प्राप्ति दिनांक :-01.08.2024
3. संस्था :- विशिष्ट दत्तक ग्रहण सेवाभारती मातृछाया कोटा रायपुर
4. रंग :- गोरा
5. उम्र :- 03 वर्ष

उक्त बालिका दिनाँक 13/03/2024 को बाल कल्याण समिति, रायपुर के पत्र क्र. / 2260/ बा.क.स./ 2024-25 रायपुर दिनाँक 13/03/2024 से अस्थाई संरक्षण हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी, सेवाभारती मातृछाया, कोटा, रायपुर (छ.ग.) में रखा गया है।

सर्व संबंधित को जो कि बालिका के वैधानिक पालक/ अभिभावक होने का दावा आपत्ति दर्ज कराना चाहते है, प्रकाशन दिनाँक से 30 दिवस के भीतर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रोजगार कार्यालय के बाजू में, जिला- रायपुर (छ.ग.) अथवा विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी, सेवाभारती मातृछाया, कोटा, रायपुर (छ.ग.) में दर्ज करा सकते हैं। उक्त समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा तथा दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जावेगी ।

यह विज्ञापन मेरे द्वारा जारी किया गया ।

**जिला बाल संरक्षण अधिकारी**
**जिला बाल संरक्षण समिति (इकाई)**
**महिला एवं बाल विकास विभाग**
**जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**मो.न.-0771-4280486**

G-242502614/1

---

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रिसाली

**रिसाली सेक्टर बी.एस.पी. स्कूल नं.-35, पिन-490006**
**Website : risali.urbanecg.gov.in**

क्र./लो.क.वि./2024/1032 रिसाली, दिनांक 18/09/2024

**निविदा सूचना**

नगर पालिक निगम, रिसाली की ओर से कुल 04 कार्यों हेतु लोक कर्म विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.क.वि. रोड एस.ओ.आर. 01.01.2015 दर के आधार पर प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

नियम एवं शर्ते तथा कार्यो का विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in एवं विभागीय risali.urbanecg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
नगर पालिक निगम, रिसाली

---

## कार्यालय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

Phone: 07741-253530, Email:- nrhm_bodla@rediffmail.com

क्रमांक/एन.एच.एम./ एवीडीएस 2024-25/1603 बोडला, दिनांक 10/09/24

**प्रेस विज्ञप्ति**
**-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत टीकाकरण कार्यक्रम में संचालित Alternative Vaccine Delivery (Avds) के कार्य हेतु विकासखंड बोड़ला में वैक्सीन पहुचांने हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य करने हेतु जिला कबीरधाम निवासी हो / इच्छुक फर्म / NGO / संस्था संबंधित विकासखंड कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला से निर्धारित तिथि में कार्यालयीन दिवस पर शाम 05.00 बजे तक रुपये 1000/- (एक हजार रुपये मात्र) जो कि नॉन रिफन्डेबल है, जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। डी.डी./ बैंकर्स चेक Block Health Society Bodla के नाम से ही स्वीकर किये जावेगें ।

1) **निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :** 30 सितम्बर 2024 को शाम 05:00 बजे तक ।
2) **निविदा पूर्व शंका समाधान बैठक :** 01 अक्टूबर 2024 को शाम 05:00 बजे तक ।
3) **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :** 03 अक्टूबर 2024 को दोपहर 05:00 बजे तक ।
4) **निविदा खोले जाने की तिथि :** 07 अक्टूबर 2024 को शाम 03:00 बजे ।

**खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला**
**जिला- कबीरधाम छ.ग.**

S- 41488/1

---

## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)

**नीलाम विज्ञापन**

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में दिनांक 26-09-2024 को नये पुराने ईमारती काष्ठ, का अधोलिखित विवरण के अनुसार प्रातः 09:00 बजे से नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम शर्त एवं जानकारी कार्यालय से अथवा नीलाम स्थान से प्राप्त किया जा सकता है। क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि बोली बोलने के पूर्व प्रत्येक लॉट का भली-भांति निरीक्षण कर लेंवें तथा संतुष्टि उपरांत ही बोली लगायें। नीलाम के समय घोषित मात्रा सही व अंतिम रूप से मान्य होगी।

| क्र. | प्रजाति | नये काष्ठ | | पुराने काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | 3.244 | 242 |
| 2 | साल | 86.500 | 0 | 486.251 | 603 |
| 3 | साजा | 0 | 0 | 27.105 | 95 |
| 4 | सतकठा | 0 | 0 | 0 | 46 |
| 5 | हल्दू | 0 | 0 | 2.497 | 10 |
| 6 | धावड़ा | 0 | 0 | 0.149 | 0 |
| **योगः-** | | **86.500** | **0** | **519.246** | **996** |
| 7 | जलाऊ मिश्रित | 100 चट्टा नया | | | |

**टीप :-**
1. ईमारती काष्ठ की नीलामी पहले 09.00 बजे प्रातः में की जावेगी तत्पश्चात जलाऊ चट्टों की नीलामी की जावेगी।
2. छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी वनमंडल का पंजीकृत ठेकेदार ही नीलाम में भाग ले सकेंगे।
3. समस्त क्रेता को आयकर पेन कार्ड, वाणिज्य कर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन एवं छ.ग. राज्य के किसी वनमण्डल का वर्ष 2023 के व्यापारी का रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. कृपया क्रेता ईमारती एवं जलाऊ का ई.एम.डी. राशि का अलग-अलग चेक देवें।

**वनमण्डलाधिकारी**
**मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ**

G -242502608/3

---

## कार्यालय कलेक्टर/अध्यक्ष, जिला निर्माण समिति सुकमा जिला - सुकमा (छ.ग.)

**// मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक/173/NIT No 07/जि.नि.स. /2024-25 सुकमा दिनांक 17/09/2024

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | निविदा का प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Construction of Salatong to Chotekedwal Road up to GSB Level (8.50 km) | 336.61 | 30/09/2024 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित आवश्यक शर्ते धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस पर कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगीः-

( कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

**सहा. नोडल अधिकारी**
**(कार्य.अभि.ग्रा.स.वि.अभि.)**
**जिला निर्माण समिति सुकमा (छ.ग.)**

G-24250605/4

---

## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

**// द्वितीय सीमित निविदा सूचना पत्र //**

**क्रमांक/आब./निविदा/2024-25/1596 उ.ब. कांकेर, दिनांक 18/09/2024**

छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, उ.ब. कांकेर द्वारा जिला कांकेर में संचालित 04 देशी एवं 08 विदेशी मदिरा दुकानों में स्थापित सी. सी. टी. व्ही. कैमरा / एन. व्ही.आर तथा उससे संबंधित उपकरणों के अनुरक्षण एवं सुधार कार्य तथा रख-रखाव हेतु दिनांक 21.09.2024 से 20.09.2025 तक की अवधि के लिये निविदा क्रमांक/आब./निविदा/2024-25/1479 उ.ब. कांकेर, दिनांक 27.08.2024 से निविदा आमंत्रित किया गया था। दिनांक 18.09.2024 को निर्धारित समय 02:00 बजे तक 02 निविदा प्राप्त हुए, जो निविदा शर्तो के अनुसार नहीं पाया गया ।

अतः उक्त अवधि के लिये जिले में संचालित 04 देशी एवं 08 विदेशी मदिरा दुकानों में स्थापित सी. सी. टी.व्ही. कैमरा/ एन.व्ही.आर तथा उससे संबंधित उपकरणों के अनुरक्षण एवं सुधार कार्य तथा रख-रखाव हेतु **"द्वितीय निविदा"** आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म दिनांक 03/10/2024 को दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त एवं 01:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड उ.ब. कांकेर में जमा कर सकते है । निविदा निविदाकारों के समक्ष दिनांक 03/10/2024 को समय 03.00 बजे कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सह जिला प्रबंधक, सी. एस. एम. सी. एल. उ.ब. कांकेर में खोली जावेगी । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा । आवेदन पत्र एवं सीमित निविदा नियम एवं शर्तें तथा संचालित देशी/ विदेशी मदिरा दुकानों के नाम की जानकारी कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सह जिला प्रबंधक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड उ.ब. कांकेर कलेक्ट्रोरेट कक्ष क्रमांक 14 में कार्यालयीन दिवसों में कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है ।

**जिला आबकारी अधिकारी,**
**उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

G-242502617/2

---

## कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक / 630/तक./ न.पा.परि./2024-25 दन्तेवाड़ा, दिनॉकः 17/09/2024

**मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों / एंजेसी/ कंपनी से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु नगरपालिका परिषद, दंतेवाड़ा द्वारा मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनु, लागत राशि (रूपये लाख में) | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 02 बाल उद्यान में बाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य | 5.57 | 27.09.2024 |
| 2 | वार्ड क्र. 02 बाल उद्यान में डोमशेड निर्माण कार्य | 8.17 | |
| 3 | वार्ड क्र. 02 बाल उद्यान में सी.सी. फ्लोरिंग कार्य | 11.10 | |
| 4 | वार्ड क्र. 02 बाल उद्यान में मंच निर्माण कार्य | 1.71 | |
| 5 | वार्ड क्र. 02 बाल उद्यान में लॉन डेवलपमेंट कार्य | 15.99 | |
| 6 | वार्ड क्र. 02 बाल उद्यान में इंटर लॉकिंग पेवर ब्लॉक कार्य | 14.13 | |
| 7 | वार्ड क्र. 13 में एस.बी.आई. चौक में पुलिया निर्माण कार्य | 5.00 | |
| 8 | वार्ड क्र. 13 में मुखीया सेठ के प्लाट से एस.बी.आई. बैंक चौक तक ढक्कन सहित नाली निर्माण कार्य | 14.24 | |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा**
**जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

---

## शब्द पहेली - 5638

**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदूत-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना-2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
